


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



ड्राई नोज क्या है? जानिए इस समस्या से ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 01 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 130 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## कांग्रेस पर पीएम मोदी का कड़ा प्रहार

### कहाः वो मेरी तुलना सांप से कर वोट मांग रहे है

बंगलुरु। कर्नाटक में होने वाले चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर शोर से प्रचार किया है। उन्होंने कर्नाटक दौरे के दूसरे दिन कोलार में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। नतीजे 13 मई को आएंगे। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मदी ने कहा कि आज की भीड़ को देखकर कांग्रेस और जेडीएस की नींद उड़ जाएगी। दोनों पक्ष विकास की प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा बनकर आए है। हमें कर्नाटक में लोगों को कांग्रेस और जेडीएस की भ्रष्ट सरकार से मुक्त करना है।




उन्होंने कहा कि जो सरकारें अस्थिर होती हैं उनके पास विजन होना संभव नहीं है। कांग्रेस ने जब शासन किया तब दुनिया को भारत से कोई उम्मीद नहीं थी। मगर बीजेपी के सत्ता में आने के बाद भारत को उज्जवल स्थान के तौर पर देखा जाने लगा है। कर्नाटक में बीजेपी को चुनने का फैसला किया है। राज्य में लगातार विकास के लिए डबल इंजन की सरकार का होना जरुरी है। कांग्रेस के पास पुराना और कमजोर इंजन है, जो राज्य की प्रगति के लिए कभी काम नहीं आ सकता है।

उन्होंने कहा कि जेडीएस और कांग्रेस पार्टी राज्य के विकास में सबसे बड़ा अवरोध है। वो दोनों अकेले खेलें या टीम बनाकर, मगर कर्नाटक की जनता उन्हें सत्ता की चाबी नहीं सौंपेगी। कर्नाटक में अब 5 वर्षों के लिए ही विधायक का चुनाव नहीं करना है बल्कि जनता को आगामी 25 वर्षों का रोडमैप भी तैयार करना है ताकि विकास की राह आसान हो सके।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने झूठी गारंटियों का पुलिंदा खोलकर बैठ गई है। कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वो जनता से किया वादा पूरा नहीं करती है। पार्टी कई अधूरा गारंटियों के साथ फिर चुनाव में उतर रही है। कर्नाटक में भी पार्टी ने कई झूठे वादे किए है। वहीं भाजपा की सरकार ने अपने किए हर वादे को पूरा किया है।

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी आज जारी करेगी घोषणा पत्र, युवाओं और छात्राओं को मिलेगा तोहफा

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को मतदान



होना है। उससे पहले भारतीय जनता पार्टी एक मई को अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। कर्नाटक विधानसभा चुनाव से 10 दिन पहले भाजपा की तरफ से इसका ऐलान किया जाएगा। कर्नाटक में इस घोषणा पत्र को जारी किया जाएगा। इस दौरान पार्टी के कई दिग्गज नेताओं के मौजूद होने की उम्मीद है। कर्नाटक में घोषणा पत्र के ऐलान के दौरान बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और साथ में प्रदेश के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के उपस्थित होने की संभावना है। माना जा रहा है कि इस घोषणा पत्र में कर्नाटक की जनता को कई योजनाओं की सौगात दी जा सकती है। जानकारी के मुताबिक युवाओं और 12वीं पास छात्राओं के लिए कई खास योजनाएं घोषणा पत्र का हिस्सा हो सकती है। बीजेपी इन दिनों राज्य में जीत हासिल करने के उद्देश्य से जोर शोर से प्रचार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा राज्य में होने वाले चुनावों के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेंगे। हालांकि अब तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि घोषणा पत्र राज्य के विकास में नए आयाम जोड़ने का काम करेगा। भाजपा द्वारा पेश होने वाली योजनाओं से राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी। बता दें कि इस घोषणा पत्र के जरिए कर्नाटक की जनता को मोदी सरकार के नेतृत्व में कई योजनाएं दी जाने की तैयारी है। बीजेपी का लक्ष्य है कि राज्य में युवाओं का अधिक से अधिक विकास हो सके। राज्य में बुनियादी ढाचे, कानून व्यवस्था और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित कर विकास योजनाओं का ऐलान किया जाएगा।

### चुनाव जीतने में जुटी भाजपा

*कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने राज्य में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कर्नाटक में भाजपा हर हाल में सत्ता में वापसी चाहती है। फिलहाल भाजपा बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में कर्नाटक में सत्ता में है। भाजपा के तमाम बड़े नेता लगातार कर्नाटक के दौरे पर जा रहे हैं।*

## लुधियाना में गैस रिसाव से दो बच्चों समेत 11 की मौत, NDRF और फॉरेंसिक टीम मौके पर मौजूद

लुधियाना । पंजाब के लुधियाना में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया जहां एक जहरीली गैस रिसाव होने से 11 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में कुछ बच्चे भी शामिल है। वहीं कई लोग बेहोश हैं जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। मरने वालों की संख्या को लेकर लुधियाना की डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर सुरभि मलिक पुष्टि कर चुकी है।

इस घटना के बाद से ही इकाले में अफता तरफी का माहौल बना हुआ है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने पूरे इलाके को सील कर दिया है वहीं अब किसी को भी घटना स्थल पर जाने की अनुमति नहीं दी गई है।

पुलिस ने इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है जिसके बाद लोगों को घरों से निकालकर सुरक्षित स्थान पर भेजा जा रहा है। बता दें कि पुलिस ने लोगों की सुरक्षित निकासी के लिए ड्रोन की भी मदद ली है ताकि पुलिस पता कर सके कि छतों या घरों के अदंर लोग फंसे ना हो। जानकारी के मुताबिक घटना लुधियाना के ग्यासपुरा में एक दुकान से गैस लीक हो



गई, जिसके बाद अचानक भगदड़ मचने लगी। कई लोग गैस लीक होने की जानकारी मिलने पर दूर खड़े हो गए। वहीं पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां घटना स्थल पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया ताकि फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला जा सके। रेस्क्यू करने के लिए एनडीआरएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची है। टीमें मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। पुलिस का कहना है कि गैस लीक होने के सोर्स और कारण का पता लगाया जा रहा है, जिसके बारे में जल्द ही जानकारी मिलेगी। वहीं फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है और घटना की पड़ताल में जुटी है।

## बृजभूषण ने कहा, जंतर–मंतर पर धरना राजनीति से प्रेरित

गोंडा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने उनके खिलाफ नयी दिल्ली के जंतर–मंतर पर शीर्ष पहलवानों के धरने को राजनीति से प्रेरित बतया। देश के शीर्ष पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग करते हुए 23 अप्रैल से एक बार फिर जंतर मंतर पर धरना शुरू किया। बृजभूषण पर उन्होंने महिला पहलवानों को धमकाने और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये हैं। इससे पहले उन्होंने जनवरी में धरना दिया था। बृजभूषण ने साथ ही समाजवादी पार्टी (सपा) के



प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के रुख की सराहना करते हुए कहा कि सपा धरने से नहीं जुड़कर सच्चाई के साथ खड़ी है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप) सहित अन्ध्य विपक्षी दलों ने पहलवानों को समर्थन दिया है और इन पार्टी के नेताओं ने प्रदर्शन स्स्थल पर पहलवानों से मुलाकात की। हालांकि समाजवादी पार्टी ने धरने से किनारा कर लिया है। कैसरगंज से सांसद बृजभूषण ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''मैं समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव (विरोध करने वाले पहलवानों का पक्ष नहीं लेने के लिए) का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। मैं उन्हें बचपन से जानता हूं। मैं उनसे बड़ा हूं, हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हैं लेकिन अखिलेश सच्चाई जानते हैं और अगर उत्तर प्रदेश में 10,000 पहलवान हैं तो इनमें से आठ हजार यादव समुदाय से हैं और समाजवादी परिवार से हैं और इसलिए वे सच्चाई जानते हैं।''

## पुणे में एक करोड़ रुपये से अधिक की मेफेड्रोन बरामद, दो गिरफ्तार

पुणे। पुलिस ने महाराष्ट्र के पुणे जिले के खराड़ी इलाके में



दो लोगों के पास से 1.21 करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) जब्त की है। एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इसे लेकर चंदन नगर थाने में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमोल जेंडे ने बताया कि मध्यप्रदेश के रतलाम से आए दो लोगों के कब्जे से 1.21 करोड़ रुपये मूल्य का 108 ग्राम एमडी बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि आगे की जांच चल रही है।

## भारत सूडान से 229 और लोगों को स्वदेश लाया

नयी दिल्ली। भारत हिंसाग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को वहां से निकालने के अपने अभियान के तहत रविवार को 229 लोगों के एक और समूह को स्वदेश लेकर आया। ये लोग बेंगलुरु पहुंचे। इससे एक दिन पहले सूडान से 365 लोग दिल्ली पहुंचे थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट किया, '''ऑपरेशन कावेरी' के तहत एक और उड़ान से 229 यात्रियों को बेंगलुरु लाया गया।'' निकासी



अभियान के तहत, शुक्रवार को 754 लोग दो समूहों में भारत पहुंचे थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सूडान से अब तक 1,954 लोगों को स्वदेश लाया जा चुका है। 'ऑपरेशन कावेरी' के तहत भारत शरणार्थियों को सऊदी अरब के जेद्दा शहर ले जा रहा है, जहां से उन्हें स्वदेश वापस लाया जा रहा है। कुल 360 नागरिकों के पहले समूह को बुधवार को एक वाणिज्यिक विमान से नयी दिल्ली लाया गया था। वहीं, दूसरे समूह में अगले ही दिन भारतीय वायुसेना के सी–17 ग्लोबमास्टर विमान से 246 नागरिकों को मुंबई लाया गया था।

## Delhi में हल्की बारिश के आसार, न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह न्यूनतम



तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 66 फीसदी दर्ज की गई। विभाग के मुताबिक, शहर में दिन में आसमान में मुख्यतरू बादल छाये रहने और गरज एवं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। आईएमडी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। शनिवार को दिन में न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।






## महाराष्ट में एनसीपी का होगा अगला मुख्यमंत्री, जयंत पाटिल ने किया सियासी दावा

मुंबई। महाराष्ट्र में इन दिनों राजनीतिक उठापटक की संभावना बनी हुई है। इसी बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने दावा किया है कि अगले चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से ही चुनकर मुख्यमंत्री आएगा। इसका फैसला राज्य की जनता कर चुकी है। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का होगा। लोग इस बात को स्वीकार कर चुके है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में एनसीपी राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी।

बाजार समिति में हासिल की जीतः राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने दावा किया है कि महाविकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन ने हाल में हुए कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) चुनावों में सबसे अधिक संख्या में



जीत हासिल की। पाटिल ने कहा कि एमवीए ने उनके गृह क्षेत्र सांगली की सभी 18 सीटों पर जीत दर्ज की है। कुल 148 एपीएमसी सीट पर हुए चुनाव के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए। गौरतलब है कि एमवीए में राकांपा, शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस शामिल हैं।

राकांपा नेता धनंजय मुंडे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने अपने गृह क्षेत्र पर्ली और नांदेड़ में जीत का दावा किया। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित एक 'पैनल' ने पुणे कृषि उत्पाद बाजार समिति (एपीएमसी) चुनावों में शनिवार को 18 में 13 सीट पर जीत दर्ज की, जबकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सभी चार उम्मीदवारों ने बारामती एपीएमसी चुनावों में जीत हासिल की। एपीएमसी अपने क्षेत्र में कृषि उत्पाद के थोक व्यापार का संचालन करती है। पुणे एपीएमसी में चुनाव, 20 साल बाद शुक्रवार को हुए थे।

भाजपा समर्थित अण्णासाहेब मगर शेतकरी विकास पैनल ने राकांपा समर्थित अण्णासाहेब मगर को–ऑपरेटिव पैनल के साथ मुकाबले में 13 सीट पर जीत हासिल की। बारामती एपीएमसी में राकांपा उम्मीदवारों ने सभी चार सीट जीत ली। चुनाव नतीजों के बारे में बात करते हुए राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने कहा कि किसानों और कृषि समितियों ने एक अच्छा फैसला दिया। अकोला एपीएमसी में 18 सीट में 11 पर राकांपा समर्थित पैनल ने जीत हासिल की। वहीं, भाजपा समर्थित पैनल ने पांच सीट पर जीत दर्ज की। उद्धव ठाकरे समूह द्वारा समर्थित एक समूहको भी दो सीट पर जीत मिली।

महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक उठाक पटक को देखकर लगता है कि महाराष्ट्र में सराकर पर आंच आ सकती है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से भी अहम फैसला आ सकता है। बता दें कि शिवसेना के 16 विधायकों की योगग्ता को लेकर ये फैसला आना है।

# मन की बात के 100वें संस्करण को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने सुना व सराहा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर/बलरामपुर। तुलसीपुर के मध्यनगर में मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी युवा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा शेरावाली शुक्ला द्वारा मध्यनगर में रेडियो के द्वारा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना व उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक कर योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही।प्रदेश अध्यक्षा शेरावाली शुक्ला ने उपस्थित लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम की सौ वीं कड़ी आज आप लोगों के बीच आप से जुड़ी है। मन की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री देश के अरबों लोगों से जुड़ते हैं।सहकार भारती के जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से राजनीति से हटकर आप लोगों की जन भावनाओं को प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम के द्वारा अभी तक देश के कई अविस्मरणीय किस्से साझा हुए हैं। आम लोगों को अपने कार्यों के लिए देश दुनिया में पहचान मिली है। चाहे वह स्वच्छ भारत मिशन हो या महिलाओं या छोटे बच्चों का सशक्तिकरण। मन की बात का एपिसोड क्षेत्रीय, भाषाई और भौगोलिक बाधाओं को पार करते हुए धर्मनिरपेक्ष अभ्यास के रूप में उभरा हुआ है।हिंदू महासभा के प्रदेश मंत्री बी पी सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी अपना संदेश मन की बात कार्यक्रम के द्वारा भारत देश ही नहीं पूरी दुनिया में प्रसारित करते हैं। प्रधानमंत्री के मन की बात की अन्य प्रमुख बात यह है कि इसमें ऐसे लोगों को हाइलाइट किया गया है, जो देश और दुनिया के सामने कभी नहीं आए। कार्यक्रम के द्वारा उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाता है। जिससे उनके उल्लेखनीय कार्य देश दुनिया के सामने आते हैं। और लोग उन्हें याद करते हैं। भाजपा के बालापुर मंडल अध्यक्ष हरीश मिश्रा, विनय मिश्रा, अनिल वर्मा, अंकू, रामाचार्य आज कार्यकर्ताओं ने भी रेडियो के माध्यम से ग्रामीणों को मन की बात कार्यक्रम को सुनाया तथा समझाया। मन की बात कार्यक्रम के बाद तुलसीपुर में घर–घर जाकर प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक कर भाजपा प्रत्याशी रंजना गुप्ता के लिए लोगों का समर्थन मांगा। कार्यक्रम में रेखा कनौजिया, सावित्रा, राधा, दिव्य प्रकाश चमन, मंगल देव सिंह, राजेंद्र यादव, गुड्डू यादव, बालक राम आदि लोग उपस्थित रहे वह प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के कार्यों व योजनाओं को सराहा।



# पुलिस ने किया हत्या का खुलासा देवर ही निकला भाभी का कातिल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोण्डा। शुक्रवार को थाना करनैलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत एक महिला की हत्या का खुलासा हो गया। जिसमें पुलिस ने मृतक के देवर को जेल भेज दिया। बता दें कि घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा तत्काल डॉग स्क्वायड व फारेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था। मामले में वादी यूनुस अली पुत्र हुबदार नि0 कपूरपुर साई तकिया थाना करनैलगंज की तहरीर पर थाना कर्नलगंज में सम्बन्धित धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा घटना के जल्द से जल्द अनावरण हेतु एसओजी व सर्विलांस टीम सहित प्र0नि0 को0 करनैलगंज को निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में थाना करनैलगंज व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा विवेचना के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्त मैनुद्दीन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे आलाकत्ल 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त मैनुद्दीन द्वारा बताया गया कि मृतका मेरी पट्टीदार थी व गांव के अगल–बगल के कई लोगों से बात करती थी जो मुझे अच्छा नहीं लगता था इसी कारण मैंने दिनांक 28.04.2023 को सूफिया की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 करनैलगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त मैनुद्दीन पुत्र अजमद अली निवासी साईं तकिया कपूरपुर थाना कोतवाली करनैलगंज आपके पास से एक नाजायज चाकू बरामद किया गया है गिरफ्तार करता टीम में प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज सुधीर कुमार सिंह मय टीम तथा एसओजी प्रभारी संतोष कुमार सिंह मय टीम शामिल है गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है जिसे न्यायालय रवाना कर दिया गया



# पूर्व विधायक भगवानदास ने बसपा कार्यालय का किया उद्घाटन, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। निकाय चुनाव में अब कुछ ही महीनों का समय बचा है। जिसके लिए सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी–अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। रविवार को नगर में बसपा के कार्यालय का उद्घाटन बसपा के के पूर्व विधायक खलीलाबाद भगवानदास ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में आये खलीलाबाद बसपा के पूर्व विधायक भगवानदास ने मेंहदावल नगर के उत्तर पट्टी मोहल्ले में बसपा कार्यालय का उद्घाटन किया। भगवान दास ने सभी बसपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से कहा कि प्रदेश में एक दशक से बसपा सत्ताविहीन चल रही है। जिसे अब पुनः सत्ता के शीर्ष पर लाने के लिए संगठन को मजबूत करना होगा। पहले की तरह तेजी से मेहनत कर बूथ स्तर तक चुनाव जीतने के लिए लोगों तक पहुंचना है। बसपा प्रत्याशी प्रमिला जायसवाल ने कहा कि 10सालों में मेरे पति और मेरे द्वारा कार्य किए गए हैं वह बेहद है किसी के शासनकाल में इतना काम नगर पंचायत मेहदवल मैं नहीं कराया गया था ।कार्यक्रम का संचालन रामकेश भारती ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक भगवान दास पूर्व विधानसभा अध्यक्ष त्रियुगानंद गौतम, बाल किशुन, राम रतन प्रजापति, सुधीर जयसवाल, गौरव जयसवाल ,अखिलेश देवंशी, मनीष अग्रहरी, समेत अन्य उपस्थित रहे।



# विद्यालय के मूलभवन में जमकर अनियमितता ग्रामीणों ने जताया विरोध

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। शिक्षा क्षेत्र कटरा बाजार में यूपीसिडको द्वाराबनाये जा रहे विद्यालय के मूलभवन में जमकर अनियमिता बरती जाने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध कहा कि अगर अनियमितता में सुधार नहीं किया गया तो ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी से मिलकर करेंगे शिकायत। मामला शिक्षा क्षेत्र कटरा बाजार के प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर का है। जहां पर बन रहे नवनिर्मित मूल भवन के निर्माण के लिए शासन द्वारा करीब 15लाख रुपये से भवन निर्माण होना है भवन निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा निर्माण में पीले ईंट व बालू का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे नाराज ग्रामीणों ने भवन के कार्य को रोकने व घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल बंद करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। ग्रामीण फूलचंद सिंह,ननकू सिंह,सोनू आदि लोगों का कहना है कि बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। भवन में लगने वाली ईंट एक घटिया क्वालिटी की है वही मोरंग का इस्तेमाल ना कर बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर घटिया मिटिरियल से काम चलता रहा तो जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत कर कार्रवाई की मांग करेंगे। यूपी सिडको के अवर अभियंता अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है घटिया मिटिरियल प्रयोग करने वालो पर कारवाई की जायेगी नही मानने वाले का टेंडर निरस्त कर दिया जायेगा।



# बनाई चुनावी रणनीति,नगर पंचायत वार दी नेताओं को जिम्मेदारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। कांग्रेस भवन में नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए बनाई गई रणनीति और समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को सुना गया। आदर्श आचार संहिता का पालन करते कांग्रेस प्रत्याशियों का सहयोग व समर्थन करते हुए विजय दिलवाने की पुरजोर कोशिश की जाएगी।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा व संचालन जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री जटाशंकर सिंह, एआईसीसी सदस्य जिला महिला अध्यक्ष रमा कश्यप, सेवादल जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला, पीसीसी सदस्य पूर्व प्रत्याशी त्रिलोकी नाथ तिवारी, सुभाष पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह, धर्मराज सिंह, महामंत्री शकील अहमद, विकला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरुण तिवारी बाबा, राम सिंगार भारती, अशोक सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कुमार गौतम, यदुनाथ पांडे, आकाश पांडे, हरिराम वर्मा, आनंद कुमार सहित तमाम कांग्रेसी उपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की छत के कुंडे से लटकी मिली लाश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

इटियाथोक/गोंडा। इटियाथोक थाना क्षेत्र के परना बगुलहा ग्राम पंचायत में एक नवविवाहिता की छत के कुंडे से लटकी लाश मिली जिस समय यह घटना हुई परिजन घर पर मौजूद नहीं थे लौट कर आए देखा तो नवविवाहिता रीता पत्नी संजीत मौर्य उम्र लगभग 22 वर्ष छत के कुंडे से लटकी हुई थी हल्ला गुहार बचाने पर आसपास के लोग जुटे इसकी जानकारी इटियाथोक पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए भिजवाया अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का सही पता चल पाएगा ग्रामीणों की माने तो महिला ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त की समाचार लिखे जाने तक मायके वालों की तरफ से अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया था।

# रहस्यमयी ढंग से लगी आग,दुकान का सामान जलकर हुआ खाक

## पांच रोज से लग रही आग से परिवार सहमा क्या है माजरा

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोक गोण्डा ।पांच रोज से एक ही मकान व दुकान में लग रही आग से क्षेत्र में कौतुहल बना हुआ है। रहस्यमयी ढंग से लग रही आग को देख जहां परिवार पूरी तरह से सहमा हुआ है तो वहीं इस घटना से क्षेत्र में सभी अचंभित से दिख रहे। कोतवाली इटियाथोक क्षेत्र के इटियाथोक बाजार में शनिवार को एक बार फिर लामा गारमेंट्स की दुकान में रहस्यमयी ढंग से आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दुकान व मकान मालिक महमूद अली का कहना है कि लगभग पांच रोज से उनके मकान में अज्ञात कारणों से आग लग जा रही है। ऐसे ही शनिवार की सुबह रेडिमेड की दुकान में आग लग जाने से हजारों का सामान जलकर खाक हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उक्त मकान में रहस्यमयी तरीके से आग लग रही है। जिसके चलते उक्त मकान में रह रहा परिवार पूरी तरह से सहमा हुआ है ।घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। लेकिन आग लगने की घटना का कोई पता नहीं चल सका। लोगों के मुताबिक यह घटना पांच रोज से हो रही है। इस तरह की घटना को देख हर कोई अचंभित हो रहा है। आग की इस घटना का पूरे क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।



# डीएम व एसपी ने किया नानपारा व रूपईडीहा क्षेत्र का भ्रमण

## स्ट्रांगरूम का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

बहराइच। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने तथा नगर पालिका परिषद नानपारा तथा नगर पंचायत रूपईडीहा में मतदान तथा मतगणना के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने नानपारा व रूपईडीहा क्षेत्र का भ्रमण कर लॉ एण्ड आर्डर की जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि नगर निकाय निर्वाचन के दौरान नगर पालिका परिषद नानपारा एवं नगर पंचायत रूपईडीहा के मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतपेटिका को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रांग रूम तथा मतगणना का कार्य शंकर इण्टर कालेज नानपारा में सम्पादित किया जाएगा। नानपारा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने श्री शंकर इण्टर कालेज पहुंच कर नगर निकाय नानपारा व रूपईडीहा हेतु बनाएं गए स्ट्रांग रूम, पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए की गई व्यवस्थाओं, वाहनों की पार्किंग, साफ–सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश को सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था कराये जाने व सम्पूर्ण परिसर की पर्याप्त साफ–सफाई कराएं जाने का निर्देश दिया। नगर पालिका परिषद नानपारा एवं नगर पंचायत रूपईडीहा के लिए बनाये गये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के साथ–साथ सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाए। डीएम व एसपी ने यह भी कहा कि स्ट्रांगरूम से मतगणना पण्डाल के बीच मतपेटिकाओं को लाने के रास्ते के निर्माण में इस बात का ख्याल रखा जाए कि कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम ने थाना रूपईडीहा में मौजूद प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से कानून एवं शान्ति व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए नगर निकाय निर्वाचन के दृष्टिगत सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने मौजूद मीडिया प्रतिनिधियों से भी भेंटवार्ता कर निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग की अपेक्षा की गई ।इस अवसर पर एसडीएम नानपारा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय, तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव, एन. टी हबीबुर्रहमान अंसारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# मदनी इंटर कालेज के छात्र–छात्राओं ने लहराया परचम

बहराइच ।जिले की तहसील कैसरगंज में स्थित मदनी इंटर कालेज की छात्रा सादिका ने हाईस्कूल की परीक्षा में 88ः अंक प्राप्त कर स्कूल के साथ साथ माता पिता का नाम रोशन किया। सादिका खातून ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का सुधार लड़कियों की शिक्षा पर निर्भर करता है। इसलिए लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। शिक्षा एक लड़की को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में मदद करती है ताकि वह अपने अधिकारों और महिलाओं के सशक्तिकरण को पहचान सके ।संतोष ने 87.83ः अंक प्राप्त किया संतोष ने इसका श्रेय स्कूल अध्यापक के साथ साथ माता पिता को दिया। तस्लीम अहमद ने कहा कि मेहनत करो सफलता कदम चूमती है कोई भी कार्य करने के लिए दिल मे सच्ची लगन होनी चाहिए सफलता खुद आपके पास चलकर आएगी। सानिया अंसारी 87ः, चाँदनी बेगम 86.66ः, इंशा खालिद 86.16ः. सना बेगम 86ः, नीतू गुप्ता 85.16ः, सयका खातून 85.16ः एवं इंटर के छात्रध्छात्राएँ नसरा मालिक 81ः नसरा मलिक आगे चलकर सिविल की तैयारी करना चाहती है।

# तीन बागी प्रत्याशियों को भाजपा ने दिखाया बाहर का रास्ता

## 6 साल के लिए किया पार्टी से निष्कासित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी नगर निकाय चुनाव को पूरी गंभीरता से ले कर चल रही है, भारतीय जनता पार्टी ने अपने नगरपालिका और नगर पंचायत में घोषित प्रत्याशियों के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे पार्टी पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने का निर्णय लिया है। जनपद बलरामपुर में भाजपा ने तुलसीपुर में जिला सह संयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ बनारसी मोदनवाल, जिला कार्यसमिति सदस्य मुन्नू तिवारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कुक्कू सोनी को पार्टी से ६ साल के लिए निष्कासित करने का फैसला लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार उक्त कार्यवाही की गई है।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु द्वारा जारी है घर घर जनसंपर्क

## वीर विनय चौराहे पर मन की बात के 100 वें संस्करण को सुना गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। बलरामपुर नगर पालिका परिषद से भाजपा प्रत्याशी डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरुश् द्वारा घर घर जनसंपर्क अभियान निरंतर जारी है। रविवार शाम को गर्ल्स इंटर कॉलेज चौराहा, भंडार खाना चौराहा, स्टेशन मोड़ पर नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया जिसे विधानपरिषद साकेत मिश्रा, सदर विधायक पल्टूराम, सहित तमाम भाजपाई नेताओं ने सम्बोधित कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आवाहन किया। नगर पालिका परिषद बलरामपुर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरुश् ने रविवार सुबह खलवा व टेढ़ी बाजार में घर घर संपर्क किया। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100 वें संस्करण को वीर विनय चौराहे पर हनुमान गढ़ी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत महेन्द्र दास, भाजपा नेत्री मंजू तिवारी, झूमा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव कुमार द्विवेदी आदि भाजपा पदाधिकारियों के साथ सुना।



# मन की बात एक पर्व बन गया: सांसद जगदंबिका पाल






दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थ नगर। पीएम के मन की बात कार्यक्रम महज एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है। बल्कि यह विश्व का सबसे पॉवर फुल टूल है। इसका लोहा यूनेस्को भी मान रहा है। यह बातें सांसद जगदंबिका पाल ने रविवार को बढ़नी ब्लाक के कोटिया बाजार में पीएम के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को सुनने के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि मन की बात एक पर्व बन गया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी इस कार्यक्रम में राजनीति से अलग हटकर समाज के अलग अलग क्षेत्रों, प्रतिभाओं, इनोवेशन, उदाहरण, बदलावों की चर्चा करते आ रहे हैं। ये ऐसे लोग हैं जो गुमनाम रहकर समाज की सेवा में योगदान दे रहे हैं। समाज और देश की तरक्की के लिए काम कर रहे हैं। जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर क्षेत्र, हर वर्ग, पर्व, उद्यम, भाषा, परम्परा, खान–पान सहित अनेक विषयों को अपने इस कार्यक्रम के माध्यम से छुआ है। उन्होंने इसी कार्यक्रम के माध्यम से देश में स्वच्छता, वोकल फॉर लोकल, खादी को अपनाने का आह्वान किया।इस दौरान सांसद ने कोटिया बाजार को नगर पंचायत का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास करने का भी आश्वासन दिया।इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित यादव,जिला पंचायत सदस्य राजन,पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कौशलेंद्र त्रिपाठी,सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय, लोकसभा प्रभारी नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी,बबलू चौबे,मनोज चौबे,अनिल अग्रहरि,महेश यादव,पिंटू मौर्य,जगदंबा चौबे,तबरेज आलम आदि मौजूद।

# मृदा को उपजाऊ बनाने के लिए हरी खाद का प्रयोग करें किसान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर/सिद्धार्थ नगर। कृषि विज्ञान केंद्र सोहना सिद्धार्थनगर



के मृदा वैज्ञानिक डॉ. प्रवेश कुमार देहाती नें बताया गेंहूँ की फसल कट गयी है और किसान भाई हरी खाद की फसालों की बुवाई कर मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाये। जायद में हरी खाद के लिए ढैंचा, सनाई, उर्द, मूंग, गवार, लोबिया आदि प्रमुख फसलें है। हरी खाद के लिए ढैंचा की बुवाई के लिए 60 किग्रा बीज प्रति हे. की दर से मई से जूलाई महीने में बुवाई करते हैं। ढैंचा की फसल हरी खाद के लिए लगभग 40 से 45 दिन में तैयार हो जाती है फूल आने से पहले तैयार फसल को मिट्टी पलटने वाले डिस्क हैरों से मिट्टी में पलट दें। पलटाई के उपरान्त 25 किग्रा यूरिया प्रति हे. की दार से छिड़काव कर खेत को पानी से भर दें और पाटा चला दें। हरी खाद के लिए सनाई की 30 से 40 किग्रा बीज प्रति हे. की दर से मई से जूलाई महा में बुवाई करें। बीज बुवाई के 40 से 45 दिन बाद फसल में फूल आने से पहले खेत में पलट दें और 25 किग्रा. यूरिया का छिड़काव करके खेत को पानी से भरके पाटा चला दें। हरी खाद के लिए उर्द एवं मूंग की 15 से 20 किग्रा. बीज को मई से जूलाई महा में प्रति हे. बुवाई करें। बुवाई के बाद फसल को फूल आने से पहले खेत में पलट देते हैं।

# नगर पालिका भाजपा प्रत्याशी सीमा खरे ने पद यात्रा कर गिनाई प्राथमिकताये

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। नगर पालिका से भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार श्रीमती सीमा खरे और भाजपा नेता अनूप खरे ने पद यात्रा करके नगर पालिका की देवतुल्य जनता से जनसमर्थन मांगा। भाजपा उम्मीदवार सीमा खरे और वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप खरे ने नगर पालिका के गड़गोड़िया, कम्पनी बाग, विशुनपुरवा और माली टोला में पद यात्रा करके विकास के नाम पर आशीर्वाद देने का अनुरोध किया। प्रत्याशी सीमा खरे ने कहा कि यदि जनता ने मौका दिया तो नगर पालिका को मॉडल नगर पालिका के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जायेगा। केन्द्र और प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंच रहा है। अगर देवतुल्य जनता ने मौका दिया तो नगर पालिका परिषद बस्ती विकास की दौड़ में प्रदेश में प्रथम आयेगा।भाजपा नेता अनूप खरे ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान जनता के द्वारा मिल रहे स्नेह से यह स्पष्ट हो गया है कि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार सीमा खरे भारी मतों से विजयी होंगी। पद यात्रा के समय वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद पाण्डेय, दिवाकर मिश्रा, दिलीप पाण्डेय, अभिनव उपाध्याय, राघवेंद्र सिंह, अमृत वर्मा, अभिषेक सिंह, अवनीश सिंह, अभिषेक राजभर, दुष्यंत सिंह, अखिलेश शुक्ला, दिलीप पाण्डेय राघवेन्द्र सिंह, भूपेंद्र सिंह राना, राजेश अग्रवाल, विनय यादव, अखण्ड पाल, लवकुश चौबे, आदर्श श्रीवास्तव, अभिनव उपाध्याय, सूरज श्रीवास्तव, प्रमोद कन्नौजिया, मनोज श्रीवास्तव, अखंड सिंह, सलमान खान, श्याम बिहारी, विद्यामणि सिंह, मनोज जायसवाल, संजय श्रीवास्तव, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, कौशलेन्द्र पाण्डेय, अरूण भारती सहित कायकर्ता मौजूद रहे।



# सपा प्रत्याशी आरिफ दरोगा ने तेज किया जनसंपर्क

## वायदा नही नगर पंचायत मुंडेरवा का होगा विकास आरिफ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। नगर निकाय चुनाव के नामांकन के बाद प्रत्याशियों ने जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया , सभी दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए तमाम प्रकार के वायदे भी कर रहे है तो वही मतदाता भी परखने में लगा है कि कौन प्रत्याशी क्षेत्र का वास्तविक विकास कर सकता है।इसी क्रम में जिले की नगर पंचायत मुंडेरवा के लिए सभी प्रत्याशियों ने अपनी – अपनी जोर ताकत झोंकना शुरू कर दिया है। नगर पंचायत मुंडेरवा से अध्यक्ष पद के सपा प्रत्याशी आरिफ दरोगा ने नगर पंचायत, अनेक गांव में जनसमर्क अभियान चलाया उन्होंने नगर वासियों से अपील किया कि वह नगर के विकास के नाम पर वोट करें। उन्होंने कहा कि अगर हम आपके वोटों के द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर विजय होते हैं तो सबसे पहली प्राथमिकता नगर पंचायत मुंडेरवा की विकास की गति पर जोर देंगे। नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उसको सही कराया जाएगा और व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से निदान किया जाएगा ,नगर पंचायत मुंडेरवा में बिजली,पानी, सड़क, सफाई, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार कराया जाएगा आरिफ दरोगा ने नगर पंचायत के समस्त क्षेत्रवासियों से अपील किया कि नगर पंचायत का विकास करने वाले प्रत्याशी का चयन करें किसी के बहकावे में ना आये ।



# शोक सभा का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थ नगर। शिवाजी नगर तेतरी बाजार में स्थित बुद्ध विद्या पीठ महा विद्यालय तेतरी बाजार के पूर्व प्राचार्य दीनानाथ शुक्ल के आवास पर एक शोक सभा का आयोजन हुआ।जिसमें हीरालाल राम निवास पीजी कॉलेज संतकबीरनगर के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ रामनरायन पांडेय के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।इस अवसर पर तमाम लोगों ने शोक व्यक्त किया। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर के शिवजी नगर में पुर्व प्राचार्य दीनानाथ शुक्ल के निवास स्थान पर आयोजित शोक सभा ने शुक्ल ने कहा कि वे मूलतः सिद्धार्थ नगर जनपद के ग्राम मदनपुर पोस्ट उसका बाजार के रहने वाले थे। उनकी शिक्षा दीक्षा उसका बाजार और गोरखपुर में हुई।स्व राम नारायण पांडेय अत्यंत मेधावी छात्र और सर्वोत्तम शिक्षक रहे हैं।उनके शोध का विषय हिंदी रीतिकाव्य पर संस्कृत का प्रभाव था।जो आचार्य गोपीनाथ तिवारी के निर्देशन में पूर्ण हुआ था।इसके अलावा ज्योतिष विशेषकर पाराशरीय ज्योतिष पर अच्छी पकड़ थी। पांडेय के रचनाओं में अश्रुपथ, नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मृत्यु पर ,आलोक पुरूष, अनाविला हिंदी कविता संग्रह के साथ ही संस्कृत के कुछ छंदों की रचना भी है।इनका उच्चारण विल्कुल निर्दोष रहता था।इन्होंने लम्बे समय तक महाविद्यालय में कुशल अध्यापन किया।इनके पढ़ाये हुए शिष्य देश के विभिन्न जगह अपनी सेवा दे रहे हैं।उनके अध्यापन शैली को उनके शिष्य याद करके अभी भी अभिभूत हो जाते हैं।इनके निधन से उनके शुभचिंतकों को गहरा आघात लगा है।इस अवसर पर बृजेश मणि त्रिपाठी, वीना शुक्ल, रविशंकर शुक्ल,राम चन्द्र जायसवाल, राम अदालत गुप्त, अभिलाषा शुक्ल,अलका शुक्ल, संकल्प, आशुतोष कुमार,नीलेश कुमार, सुनील कुमार,अनिल कुमार, शिव कुमार, गोपाल सहित तमाम लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# आप प्रत्याशी विनीता ने बदलाव के लिये घर–घर जाकर मांगा वोट

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। नगर पालिका परिषद चुनाव में मतदान की तिथि 11



मई जैसे–जैसे नजदीक आ रही है प्रचार और सम्पर्क तेज हो गया है। इसी कड़ी में रविवार को आम आदमी पार्टी प्रत्याशी विनीता पत्नी सिद्धेश सिन्हा ने रौता चौराहा, अमरूदबाग, ब्लाक रोड, मड़वा नगर आदि वार्डो में घर–घर जाकर अपने पक्ष में मतदान का आग्रह किया। उन्होने चुनाव निशान झाडू से वार्डो में प्रतीक रूप में साफ–सफाई कर संदेश दिया। कहा कि कि जब झाडू जीतेगा तो भ्रष्टाचार पर भी झाडू चलेगा। समाजवादी पार्टी छोड़ आम आदमी पार्टी का दामन थामने वाले सिद्धेश सिन्हा ने मतदाताओं का जिस प्रकार से समर्थन और एक वोट, पांच का नोट का सहयोग, आशीर्वाद मिल रहा है उससे हौसला बढा है। कहा कि उन्हें समस्याओं की पूरी जानकारी है और समाधान के रास्ते भी पता है। कहा कि झूठा वायदा नहीं करूंगा अवसर मिला तो बस्ती नगर पालिका क्षेत्र के लोग मिलकर पालिका को चलायेंगे। स्थितियों को बेहतर बनाया जायेगा।सम्पर्क के दौरान आम आदमी पार्टी प्रत्याशी विनीता पत्नी सिद्धेश सिन्हा के साथ जिलाध्यक्ष पतिराम आजाद, पूर्व जिलाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल, चन्द्रभान कन्नौजिया, किशन चौधरी,पवन तिवारी, प्रमोद गुप्ता, भाष्कर धुसिया, मोहित, दिनेश गुप्ता, पवन ठाकुर के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

**सूचना**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कपिल देव पुत्र भजन – ग्राम–मल्हवार बुजुर्ग,पो– गोविन्दपुर थाना– त्रिलोकपुर, जिला–सिद्धार्थनगर का निवासी हूँ,अब मेरा नाम – कल्लू है जोकि आधार कार्ड, एवं बैंक पासबुक, तथा खतौनी में भी अंकित है अतः कपिल देव, एवं कल्लू मेरा व एक ही व्यक्ति का नाम है। नोट–यदि किसी की व्यक्ति को आपत्ति होतो 30 दिवस के अंदर आपत्ति दर्ज करें।**

# नगर पंचायत मुडेरवा से निर्दलीय प्रत्याशी सत्य नारायण जायसवाल ने झोंकी

## ताकत,जनसंपर्क के माध्यम से जनता से लिया आशीर्वाद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। नगर पंचायत मुंडेरवा की चुनाव का प्रचार तेज हो चुका है। निर्दलीय प्रत्याशी सत्यनारायण जासवाल ने ताकत झोंक दी है। दरअसल बस्ती में नगर निकाय चुनाव का मतदान 11 मई को होना है। अब मतदान में बहुत कम समय बचा है जिसके चलते अब चुनाव प्रचार में भी तेजी देखने को मिल रही हैं । प्रत्याशी द्वारा सभी वार्डों वार्ड में सम्पर्क कर जनता से समर्थन माँग रहे है। नगर निकाय चुनाव प्रचार में मुण्डेरवा नगर पंचायत से सत्य नारायण जायसवाल पूरी ताकत झोंक दी है। सुबह से लेकर शाम तक शाम से लेकर रात तक कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुटे हुए है कोई जनसंपर्क कर रहा है तो कोई नुक्कड़ सभा कोई प्रत्याशी वाहन से प्रचार कर रहा है तो कोई रैली निकालकर प्रचार कर रहा है तरह–तरह के प्रचार किए जा रहे हैं और प्रत्याशी लगातार वोटरों को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं। मुण्डेरवा नगर पंचायत मे नेता जनसंपर्क पंपलेट रिक्शा और गाड़ियों पर माइक लगवाकर अपना चुनाव प्रचार कर रहे हैं तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशी सत्यनारायण जामसवाल ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में डिजिटल वैन ,रथ तैयार कराकर उससे प्रचार तेज कर दिया है । निर्दलीय प्रत्याशी सत्यनारायण जायसवाल ने कहा कि मुण्डेरवा को समृद्ध नगर पंचायत बनाने की मेरी कल्पना है। अब आवागमन भी ज्यादा बढ़ गया है, जिस कारण लोगों को चलने में समस्या का सामना करना पड़ता है, बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है, इसके लिये वह व्यापारियों से बैठकर इस समस्या के समाधान के लिए बात करेंगे, जिससे लोगों को आने–जाने में सुविधा हो सके, साथ ही यहां का व्यापार भी बढ़ सके, क्योंकि जाम की स्थिति के कारण कई व्यापारियों को व्यापार करने में समस्या का सामना करना पड़ता है। साथ ही पूरे मुण्डेरवा में नई सीवर, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा पेयजल,और सफाई पर विशेष ध्यान जाएगा, । वहीं उन्होंने कहा कि जनता द्वारा मौका मिलने पर वह जनता के काम आएंगे। नगर पंचायत से संबंधित कामों को अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा लटका दिया जाता है, लेकिन उनके अध्यक्ष बनने पर नगर पंचायत मुण्डेरवा को व्यवस्थित किया जायेगा। किसी भी व्यक्ति को नगर पंचायत के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वह ऐसी कार्य योजना बनाएंगे, जिससे व्यक्ति का काम घर पर भी हो सके। जनता को नगर पंचायत में घर जैसा माहौल देखने को मिलेगा, किसी भी नगरवासी को काम के सिलसिले में नगर पंचायत में भटकना नहीं पड़ेगा। इस दौरान अनेक जनसमूह कायकर्ता मौजूद रहे।



# पीएम मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित रहे ,विधायक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर।मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री को देश विदेश के नागरिकों से संवाद का माध्यम रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कई बार भावुक हुए। सम्पूर्ण भारत के लोगों को अपना समझकर माह में एक सम्वाद लोगो को सुकून देता था। जिसे सुनने व देखने के लिए हर जगह लोग ठहर जाते थे। आज रविवार को 100वीं कड़ी के सजीव प्रसारण देखने के लिए मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी भी अपने निजी आवास पर एलईडी टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को देखा व सुना गया। इस दौरान दर्जनो भाजपा कार्यकर्ताओ सहित आमजन भी उपस्थित रहा।आज के कार्यक्रम को देखने के बाद विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक महान नेता बताया। इनके द्वारा देश को नित नए बुलंदी पर ले जाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने देश के हर तबके का विकास किया है। किसान, गरीब, मजदूर सहित सभी वर्गों के लिए भरपूर कार्य किया है। इस अवसर पर दिवाकर त्रिपाठी, प्रशान्त मिश्रा, रामसुभग दुबे, विधायक अनिल त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# पूनम उपाध्याय को विजई बनाने के लिए अपील

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। जनपद के नगर पंचायत नगर बाजार में समाजवादी



पार्टी के प्रत्याशी पूनम उपाध्याय पत्नी डॉक्टर सत्य प्रकाश उपाध्याय ने कार्यालय उद्घघाटन समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में राम प्रसाद चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री, विशिष्ट अतिथि में सदर विधायकध् जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, विधायक कप्तानगंज कविंद्र चौधरी, विधायक रूधौली राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने विधि विधान से उद्घघाटन किया गया।कार्यालय उद्घघाटन समारोह कार्यक्रम के दौरान जोखू लाल यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत गीत गा कर स्वागत किया। वही आए हुए सभी नेताओ ने अपने अपने संबोधन में कहा कि साइकिल का बटन दबाकर भारी मतों से पूनम उपाध्याय को विजई बनाने के लिए अपील किया, और साथ में यह भी कहा है कि जब सपा की जीत होगी तभी नगर बाजार का पूर्ण रूप से विकास होगा।कार्यक्रम में प्रबुद्ध वर्ग के जिला अध्यक्ष कक्कू शुक्ला, मुलायम यादव, राजेंद्र चौरसिया, नियाज अहमद, ईसार, निशार, राम सहाय गुरु जी, दिलीप उपाध्याय, सुनील यादव के साथ सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

**तो एक बात साफ है कि भूपेश बघेल को किसी स्नातकोत्तर डिग्री में कम नंबर आने की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि जनता उनकी डिग्री नहीं देख रही। उनकी प्रेक्टिकल योग्यता देख रही है। सवाल है कि भूपेश बघेल अपनी असल परीक्षा में कितने खरे उतर सकते हैं तो इस मामले में भूपेश बघेल का रिपोर्ट कार्ड ...**

# मुख्यमंत्री के नंबर तो जनता तय करती है...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक कार्यक्रम के दौरान राज्य के विद्यार्थियों से एक सलाह मांगते हुए इशारों इशारों में जो बात की है, उसकी गहराई का आकलन राजनीति के पंडित कर रहे हैं। विद्यार्थियों के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह बताया कि वह सोचते हैं कि पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा कर लें। उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि क्या वे पीजी पूरा करें? उन्होंने प्रीवियस किया है लेकिन पीजी पूरा नहीं हुआ। इस पर विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि से उनका समर्थन किया। लेकिन मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पीजी करे, यह तो अच्छा है लेकिन मुख्यमंत्री के नंबर कम आये तो लोग क्या कहेंगे। बात किस नंबर की हो रही है, यह बच्चे भी समझ रहे थे और यह प्रसंग ट्विटर पर शेयर होने के बाद छत्तीसगढ़ के सभी लोग भी अच्छी तरह समझ रहे हैं। शैक्षणिक बात के माध्यम से मुख्यमंत्री ने दरअसल जिस नंबर की तरफ इशारा किया है, वह नंबर तो उन्हें फर्स्ट क्लास फर्स्ट मिलने की उम्मीद कांग्रेस कर सकती है। बल्कि कांग्रेस को भरोसा है कि मुख्यमंत्री को जनता पूरे नंबर देगी। भूपेश बघेल आज जिस मुकाम पर हैं, वहां कोई डिग्री अहमियत नहीं रखती। बल्कि उनके द्वारा किए गए काम का आकलन हो रहा है। मुख्यमंत्री के रूप में भूपेश बघेल ने साढ़े 4 साल में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को जिस तरह से सुदृढ़ किया है, किसान के साथ–साथ खेतिहर मजदूर के साथ भी न्याय किया है, शहरी गरीबों के साथ ही शहरी मजदूरों का कल्याण किया है, गोधन न्याय योजना के माध्यम से न केवल गोवंश का संरक्षण किया है बल्कि ग्रामीण आबादी को रोजगार भी उपलब्ध कराया है, छत्तीसगढ़ में पलायन की कोई गुंजाइश नहीं है, वह सबको दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री की प्रायोगिक परीक्षा हो चुकी है। पहले आमतौर पर देखा गया है कि यहां के मजदूर रोजगार की तलाश में हर साल पलायन कर जाते थे। परदेस में उन्हें बहुत सी असुविधाओं और मजबूरियों का सामना करना पड़ता था। कोरोना महामारी के समय ऐसे छत्तीसगढिया ग्रामीणों को, जो राज्य के बाहर जाकर रोजी रोजगार कमा रहे थे, उन्हें वापस बुलाकर यहीं काम दिया गया और तब से छत्तीसगढ़ से पलायन का सिलसिला थम चुका है। छत्तीसगढ़ के लोगों को उनके गांव में रोजगार मिल रहा है।ग्रामीण आबादी के हाथ में पैसा है और जब गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होने लगे तो उस प्रदेश की अर्थव्यवस्था स्वाभाविक रूप से मजबूत होती है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार ने लगभग सभी चुनावी वादे पूरे कर दिए हैं। जो कुछ शेष रह गए हैं तो कोई भी सरकार एक बार में सौ फीसदी वादे पूरे नहीं कर पाती, यह आम जनता को अच्छी तरह पता है। लेकिन जन सरोकार के साथ समावेशी विकास के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस तरह का कार्य प्रदर्शन किया है, वह छत्तीसगढ़ की जनता के सामने है। छत्तीसगढ़ के गांव गरीब किसान मजदूर शोषित वंचित पीडिघ्त हर वर्ग के लिए भूपेश बघेल की सरकार ने संवेदनशीलता के साथ काम किया है। जिसके परिणाम सामने आते रहे हैं। राज्य में हुए सारे के सारे उपचुनाव कांग्रेस ने जीते हैं। यह भूपेश बघेल की जन परीक्षा में मिले अच्छे अंक का कमाल है। तो एक बात साफ है कि भूपेश बघेल को किसी स्नातकोत्तर डिग्री में कम नंबर आने की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि जनता उनकी डिग्री नहीं देख रही। उनकी प्रेक्टिकल योग्यता देख रही है। सवाल है कि भूपेश बघेल अपनी असल परीक्षा में कितने खरे उतर सकते हैं तो इस मामले में भूपेश बघेल का रिपोर्ट कार्ड सबके सामने है। वह देश के श्रेष्ठ मुख्यमंत्रियों के बीच एक चमकदार चेहरा हैं और उनकी योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर जो प्रोत्साहन मिला है, वह साबित कर रहा है कि भूपेश बघेल को नंबरों के मामले में चिंता करने की जरूरत नहीं है। जनता उन्हें जो नंबर देगी, वह बेहतर ही होंगे।

## दशानन रावण वध के लिए श्री राम का होना जरूरी है



गांव हो या शहर हर जगह एक रावण है। जी हां यह रावण, आदमी की इंसानियत वाली मनोवृत्ति को मार देता है। तब वह राक्षस वृत्ति को धारण कर लेता है। जबकि रामत्व वाली मनोवृत्ति व्यक्ति को सात्विक और सज्जन बनाती है। वही भगवान श्रीराम कोटि कोटि भारतीयों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। इस संसार के प्रत्येक चर और अचर में राम नाम की व्याप्ति ब्रह्म के सार्वकालिक और सार्वमांगलिक गुणों का जयघोष है। प्रकट साकार रूप में भगवान श्रीराम की कथा का वाचन और वाचन न कर पाने की दशा में इस कथा का श्रवण प्रत्येक व्यक्ति को मानसिक तोष से अनुरक्त करता है। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं कि रामकथा कलि कामद गाई। सुजन सजीवनि मूरि सुहाई।। सोइ बसुधातल सुधा तरंगिनि। भय भंजनि भ्रम भेक भुअंगिनि।। अर्थात श्री राम कथा सज्जनों के लिए संजीवनी बूटी है। यहां बिना दुर्जनों को बिना नाम लिए गोस्वामी जी कहते हैं कि दुष्टों को श्रीराम की कथा अप्रिय लगती है। अथवा जिन्हें श्रीराम कथा रूचिकर प्रतीत नहीं होती वे असल में दुष्ट के साथ साथ राक्षसी प्रवृत्ति वाले होते हैं। दुष्टों का स्वभाव पर पीड़क होता है। भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन करते हुए प्रबंध काव्य आराधना में गोस्वामी तुलसीदास जी रचते हैं कि असुर सेन सम नरक निकंदिनि। साधु बिबुध कुल हित गिरि नंदिनि । संत समाज पयोधि रमा सी। बिस्व भार भर अचल मन।। अर्थात यह राम कथा असुरों की सेना के समान नरकों का करने वाली और साधु रूप देवताओं के कुल का हित करने वाली माता पार्वती के रूप में माता दुर्गा जी है। यह संत समाज रूपी क्षीर समुद्र के लिए माता लक्ष्मी जी के समान है और सम्पूर्ण विश्व का भार उठाने में अचल पृथ्वी के समान है। इस राम कथा की महिमा अनंत है। काबिल ए गौर है कि गोस्वामी तुलसीदास जी अपने युगीन समाज के प्रति सचेत कवि हैं जो बिना तत्कालीन शासकों का नाम लिए हुए उस समय और समाज का यथार्थ परक वर्णन करते है। गोस्वामी जी सबसे शक्तिशाली महान कथा वाचक, कवि, इतिहासकार और यथार्थ परक वर्णन करने वाले महानायक हैं। यमदूतों के रूप में तत्कालीन सत्ता से श्री राम कथा किस तरह धर्म की रक्षा में निमग्न होती है सुनिए। जम गन मुंह मसि जग जमुना सी। जीवन मुकुति हेतु जनु कासी।। रामहि प्रिय पावनि तुलसी सी। तुलसिदास हित हिय तुलसी सी।। अर्थात यमदूतों के मुख पर कालिख लगाने के लिए यह जगत में यमुना जी के समान है और जीवों को मुक्ति देने के लिए मानो काशी ही है। यह श्रीराम जी को पवित्र तुलसी के समान प्रिय है और तुलसीदास के लिए हुलसी ( तुलसीदास जी की माता) के समान हृदय से हित करने वाली है। तो आदि काल से ही श्री राम कथा विविध रूपों में धर्म ध्वजा की वाहक रही है। गोस्वामी तुलसीदास प्रभु श्रीराम चंद्र जी की कथा के सबसे महान और सर्वाधिक साहित्यकार हैं। राम आराधक साहित्य के द्वारा रावणी मनोवृत्ति का शमन करने वाले वंदनीय साहित्यकार हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# इंसान टिकेगा नहीं कृतिम बुद्धी (एआई) के आगे!

**इसमें कोई शक नहीं कि 21वीं सदी में मानव और उसकी बुद्धि अपनी प्राकृतिक क्षमता के माध्यम से एक ऐसे काल का सृजन कर रहा है जो प्राकृतिक नहीं बल्कि कृत्रिम है। यह जितना दिलचस्प है उतना ही मनहूस और खतरनाक भी है। एआई हम मानवों को पीछे छोड़ सकती है। वह एक ऐसी दुनिया बना सकती है जिसमें मानव और उसकी संस्थाओं से बेहतर सोचने और उनसे तेज गति से काम करने ...**

श्रुति व्यास

पूरी दुनिया में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस (एआई) को ले करहल्ला है। एक ही सांस में उसकी सराहना हो रही है और निंदा भी। मानव समाज के सामने अस्तित्व का एक सवाल आ खड़ा हुई है। वह यह कि क्या एआई की तकनीक मानव सभ्यता के अंत की शुरुआत है? कुछ दिन पहले एक अत्यंत आकर्षक फोटो, एक चमत्कृत कर देने वाले फोटो, जिसमें अलग–अलग पीढियों की दो महिलाओं को ब्लैक एंड व्हाईट में दिखाया गया था, ने एक पुरस्कार जीता। जूरी और जनता दोनों इस फोटो पर मंत्रमुग्ध थे। लेकिन फोटोग्राफर बोरिस एल्डागसेन ने पुरस्कार लेने से इंकार कर दिया। अपनी वेबसाईट पर एक वक्तव्य जारी कर कहा कि उन्होंने केवल यह पता लगाने के लिए पुरस्कार के लिए आवेदन किया था कि क्या अन्य फोटोग्राफर एआई तस्वीरों का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। दर्शक और जूरी चकित रह गए। पहली बार देखने पर दृ और बार बार देखने पर भी– यदि आपको सच पहले से मालूम न हो दृ तो फोटो एकदम वास्तविक लग रही थी और आपके दिमाग में एक बार भी यह नही आएगा कि यह फोटो एआई ने बनाई है क्योंकि उसमें कुछ भी ऐसा नजर नहीं आ रहा था जो ठीक न हो। श्हार्ट ऑन माय स्लीव्जश गाने की तरह, जिसमें ड्रेक एवं द वीकंड दोनों की आवाज थी परन्तु दोनों में से एक की भी



नहीं थी. संगीत ऐसा था जिसे सुनकर पैर थिरकने लगें और बोल भी शानदार था। लेकिन यह गाना गोस्टराईटर977 नामक व्यक्ति ने आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से इन दोनों के गाने के अंदाज की नकल कर बनाया था। यह एक दम नया गाना था जिसे सुनकर लगता था कि ड्रेक और द वीकएंड ने पिछला वीकेंड एक साथ स्टूडियो में बिताया होगा। इस गाने को सभी म्यूजिक स्ट्रीमिंग वेबसाइटों पर पोस्ट कर दिया गया। इसने सनसनी फैला दी। बाद में कलाकारों और यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप द्वारा शोर मचाने के बाद इसे हटाया गया। लेकिन इस सबसे आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस के नैतिक तथा सामाजिक निहितार्थों को लेकर बहस प्रारंभ हो गई है। साथ ही चिंता और भय उत्पन्न हो गया है। इसके संभावित डरावने नतीजों को लेकर दुविधा की स्थिति बन गई है। स्टीफन हाकिन्स ने चेतावनी दी थी कि पूर्णतरू विकसित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मानव नस्ल की समाप्ति का पैगाम बन सकती है। उन्होंने कहा था कि यदि समाज ने इसके विकास पर अंकुश नहीं रखा तो एआई का उद्‌भव श्हमारी सभ्यता के इतिहास की सबसे अशुभ घटनाष साबित हो सकती है। इजरायली इतिहासवेत्ता एवं दार्शनिक युवाल नोह हरारी ने भी अपनी बहु–प्रशंसित पुस्तक श्होमो डेयोसय्र में ऐसा ही कुछ कहा था। उनका कहना था कि शायद हमने एक ऐसी दुनिया बना ली है जिसमें हमारे लिए ही कोई जगह नहीं है। उन्होंने साक्षात्कारों में बार–बार कहा था कि पहली बार मानव नस्ल ने ऐसा अविष्कार किया है जो उसकी शक्ति को कम करने वाला है। इसमें कोई शक नहीं कि 21वीं सदी में मानव और उसकी बुद्धि अपनी प्राकृतिक क्षमता के माध्यम से एक ऐसे काल का सृजन कर रहा है जो प्राकृतिक नहीं बल्कि कृत्रिम है। यह जितना दिलचस्प है उतना ही मनहूस और खतरनाक भी है। एआई हम मानवों को पीछे छोड़ सकती है। वह एक ऐसी दुनिया बना सकती है जिसमें मानव और उसकी संस्थाओं से बेहतर सोचने और उनसे तेज गति से काम करने वाली ऐसी मशीनें होंगीं जिनके हित मानव जाति के हितों से अलग होंगें। इसका दुरूपयोग लोकतंत्र का गला घोंटने के लिए, धर्म को नष्ट करने के लिए, नस्लों का उन्मूलन करने के लिए और सृजनात्मकता को खत्म करने के लिए किया जा सकता है। और यह दुनिया को बदलने वाली नहीं बल्कि उसे नष्ट करने वाली ताकत बन सकती है। मनुष्य स्वभाव से बुद्धिमान और दुष्ट दोनों होता है। क्या एआई मनुष्य से ज्यादा बुद्धिमान और उससे ज्यादा दुष्ट नहीं बन जाएगी? यही कारण है कि बहुत से वैज्ञानिकों और उनके जैसे विचार रखने वाले मानवता के शुभचिंतकों ने एआई का विकास रोकने की मांग की है क्योंकि तैयारी के बिना ऐसा करने का परिणाम कदाचित यह होगा कि एआई वह नहीं करेगी जो हम उससे करवाना चाहते हैं। उसे न हमारी परवाह होगी और ना ही जीवन की संवदेनाओं की। सिद्धांत के स्तर पर एआई को इन चीजों की परवाह करना सिखाया जा सकता है लेकिन अभी हम न इसके लिए तैयार हैं और ना ही यह जानते हैं कि ऐसा कैसे किया जाए।

**सो, जात राजनीति की काट में भाजपा जाति की राजनीति करके कामयाब नहीं हो सकती है। उसे ज्यादा उग्र हिंदुत्व की राजनीति करनी होगी। जाति की सीमा मिटाने वाला नैरेटिव तैयार करना होगा। और वह नैरेटिव तैयार होगा योगी आदित्यनाथ के चेहरे और उनके काम से। प्रधानमंत्री मोदी हिंदू हृद्य सम्राट हैं लेकिन उनकी छवि एक बड़े राजनेता और विकास पुरुष की भी बनाई गई है। गुजरात...**

# जात राजनीति का जवाब हैं योगी

हरिशंकर व्यास

विपक्ष की जात राजनीति का जवाब भाजपा ज्यादा बड़ी जात राजनीति से देगी या उसका जवाब ज्यादा उग्र और आक्रामक हिंदुत्व से दिया जाएगा? इस सवाल के जवाब से आगे की राजनीति की दिशा, दशा और केंद्रीय चेहरे तय होंगे। विपक्ष ने जाति को अपना हथियार बनाया है। उनका मुद्दा सामाजिक न्याय है। बिहार से शुरू हुई मंडल दो की राजनीति पूरे देश में फैलेगी। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे उस रास्ते पर चल पड़े हैं। उनका मानना है कि पूरे देश में जाति आधारित जनगणना जरूरी है ताकि हर जाति को उसकी आबादी के हिसाब से आरक्षण दिया जा सके। आबादी के हिसाब से उसे देश के संसाधनों में हिस्सेदारी दी जाए। अगर सरकारी नौकरियां नहीं हैं या सरकारी स्कूल–कॉलेज पढने लायक नहीं हैं तो निजी कंपनियों में भी आरक्षण लागू हो और निजी क्षेत्र के स्कूल–कॉलेजों में भी आरक्षण की व्यवस्था हो। यही विपक्ष की अगले चरण की राजनीति का मुख्य मुद्दा बनने वाला है।

इसका जवाब देने के लिए भाजपा के पास दो रास्ते हैं। पहला रास्ता तो वह है, जिसका ऐलान विपक्षी पार्टियों से पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उन्होंने 2021 में जब अपनी दूसरी सरकार में पहली बार फेरबदल की तो ऐलान करके कहा कि उनकी सरकार में सबसे ज्यादा ओबीसी यानी अन्य पिछड़ी जातियों के मंत्री हैं। प्रधानमंत्री ने अपने नए मंत्रियों का जब संसद में परिचय कराया तब भी यह बात कही कि उनकी सरकार में सबसे ज्यादा ओबीसी, एससी और एसटी मंत्री बने हैं और यह बात विपक्ष को पसंद नहीं आ रही है। मोदी की दूसरी सरकार में 27 ओबीसी मंत्री हैं और 20 एससी वह एसटी समुदाय के मंत्री हैं। जो 27 ओबीसी मंत्री हैं उनमें से 19 अति पिछड़ी जातियों के हैं। यह विपक्ष की जात राजनीति का एक जवाब है। भाजपा बार बार बताती है कि प्रधानमंत्री मोदी पिछड़ी जाति से आते हैं। सो, पिछड़ी जाति के प्रधानमंत्री की सरकार में सबसे ज्यादा पिछड़ी जाति के मंत्री हैं। जरूरत पडने पर और भी बनाए जा सकते हैं। आरक्षण को लेकर भी भाजपा कह चुकी है कि मोदी के रहते कोई आरक्षण को हाथ भी नहीं लगा सकता है।

लेकिन जाति और आरक्षण की राजनीति को लेकर भाजपा की सीमाएं हैं। वह एक सीमा से आगे नहीं बढ़ सकती है। उसके पीछे राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ खड़ा है, जिसके बारे में धारणा है कि वह अगड़ी जाति के लोगों का संगठन है और आरक्षण विरोधी है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक बार आरक्षण की समीक्षा करने की बात कही थी। इस पर बिहार में ऐसी राजनीति हुई थी कि 2015 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां साफ हो गई थीं। यह भी तय है कि भाजपा जाति आधारित जनगणना नहीं कराने जा रही है। इसका कारण यह है कि जाति जनगणना के आंकड़े हिंदू समाज को पहले से ज्यादा विभाजित करेंगे। सैकड़ों जातियां अपनी संख्या लेकर सत्ता में हिस्सेदारी की बात करेंगी। इससे हिंदुत्व का समूचा नैरेटिव फेल होगा। भाजपा अब तक व्यापक हिंदू समाज को कंसोलिडेट करने के लिए जो प्रयास कर रही थी उसका तब कोई मतलब नहीं रह जाएगा। मंदिर बनाने से लेकर 80 और 20 फीसदी तक की राजनीति का नारा राजनीतिक रूप से कारगर नहीं रह जाएगा।

सो, जात राजनीति की काट में भाजपा जाति की राजनीति करके कामयाब नहीं हो सकती है। उसे ज्यादा उग्र हिंदुत्व की राजनीति करनी होगी। जाति की सीमा मिटाने वाला नैरेटिव तैयार करना होगा। और वह नैरेटिव तैयार होगा योगी आदित्यनाथ के चेहरे और उनके काम से। प्रधानमंत्री मोदी हिंदू हृद्य सम्राट हैं लेकिन उनकी छवि एक बड़े राजनेता और विकास पुरूष की भी बनाई गई है। गुजरात दंगों के बाद जो छवि वह काफी हद तक बदल गई है, जबकि योगी आदित्यनाथ की वैसी छवि बन रही है, जैसी 2002 के बाद मोदी की बनी थी। योगी कट्टर हिंदुत्व का चेहरा बन रहे हैं। मीडिया में उनका जिस तरह से महिमामंडन हो रहा है वह अपनी जगह है लेकिन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की हत्या के बाद सोशल मीडिया में जो माहौल बना वह अभूतपूर्व है। सामान्य लोगों ने, महिलाओं और युवाओं ने और यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट की तस्वीरें बदलीं और मुत्र्ठी बांध कर दोनों हाथ ऊपर उठाए हुए योगी की तस्वीर लगाई।

फरवरी के आखिरी हफ्ते से लेकर अभी तक की घटनाओं ने योगी की लार्जर दैन लाइफ छवि को और मजबूती दी है। फरवरी के अंत में राजू पाल मर्डर केस के गवाह और दो पुलिसकर्मियों की गोली मार कर हत्या की गई थी। उस हत्याकांड में अतीक और उसके बेटे असद के साथ साथ अशरफ और सात अन्य लोग आरोपी थी। घटना के बाद योगी आदित्यनाथ ने माफिया को मिट्टी में मिला देने की बात कही थी। अप्रैल का तीसरा हफ्ता आते आते छह लोग मार दिए गए यानी मिट्टी में मिला दिए गए। उमेश पाल पर गोली चलाने वालों में सात लोगों की पहचान हुई थी, जिसमें से असद अहमद सहित चार लोगों को पुलिस ने मुठभेड़ में मार दिया। अतीक व अशरफ की पुलिस हिरासत में गोली मार कर हत्या कर दी गई। यह योगी के बुलडोजर न्याय से एक कदम आगे की घटना थी। असल में उत्तर प्रदेश में यह धारणा स्थापित की गई है कि माफिया का मतलब मुस्लिम माफिया होता है और उसके बाद उसे मिट्टी में मिलाने का काम शुरू हुआ। इससे पहले योगी की सरकार ने ही सबसे पहले रोमियो स्क्वायड बना कर हिंदू लड़कियों को कथित लव जिहादी यानी मुस्लिम लड़कों से बचाने का अभियान शुरू किया था।

मुस्लिम गैंगेस्टर को खत्म करने और हिंदुओं को बचाने की धारणा से व्यापक हिंदू समाज में सुरक्षा का भाव बना है। याद करें कैसे गुजरात में 2002 के दंगों के बाद नरेंद्र मोदी की वजह से हिंदुओं में सुरक्षा का भाव पैदा हुआ था। वैसा ही भाव योगी की वजह से व्यापक हिंदू समाज में पैदा हुआ है। यह निजी तौर पर योगी की और पार्टी के स्तर पर भाजपा की बड़ी ताकत बनेगी। एक तरफ अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण का हो रहा है तो दूसरी ओर काशी कॉरिडोर बना है तो मां विध्यवासिनी के कॉरिडोर का काम हो रहा है। इस तरह हिंदुत्व का सकारात्मक एजेंडा तो दूसरी ओर 20 फीसदी के मुकाबले 80 फीसदी के मन में श्रेष्ठता, सर्वोच्चता और सुरक्षा की भावना भरने का एजेंडा है। जाति की बजाय हिंदुत्व के छाते के नीचे लोगों को एकजुट करने का यह वह बड़ा मुद्दा हो सकता है, जिसका प्रतीक योगी हैं।



# लखनऊ के खिलाफ आरसीबी को मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

लखनऊ। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में अपने मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल की मौजूदगी में आरसीबी के शीर्ष क्रम ने अब तक आठ मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन मध्यक्रम टीम का कमजोर पक्ष साबित हुआ है। कोहली, डुप्लेसिस और मैक्सवेल से प्रत्येक मैच में टीम को जिताने की उम्मीद नहीं की जा सकती और समय आ गया है कि महिपाल लोमरोर, शाहबाज अहमद और दिनेश कार्तिक जैसे बल्लेबाज भी प्रभावी प्रदर्शन करें। आरसीबी के क्षेत्ररक्षण में भी सुधार की गुंजाइश है और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हार के बाद कोहली भी इस ओर इशारा कर चुके हैं।




डुप्लेसिस के पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं करने तक पूर्व भारतीय कप्तान कोहली टीम की अगुआई करते रहेंगे। आरसीबी की टीम डुप्लेसिस का इस्तेमाल 'इंपेक्ट प्लेयर' के रूप में कर रही है।

आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी की है और उन्हें अन्य तेज गेंदबाजों से समर्थन की जरूरत है। हर्षल पटेल को मुश्किल समय के दौरान गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी जा रही है लेकिन उन्हें 9.94 के अपने इकोनॉमी रेट में सुधार करना होगा। दूसरी तरफ लखनऊ की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़ी जीत के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। पंजाब के खिलाफ बल्लेबाजी प्रदर्शन दर्शाता है कि जब काइल मायर्स, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन जैसे बल्लेबाज लय में हों तो कोई भी स्कोर हासिल किया जा सकता है। कप्तान लोकेश राहुल हालांकि दबाव में हैं और लखनऊ के घरेलू मैदान पर छाप छोड़ना चाहेंगे। लखनऊ की पिच ने हालांकि निराश किया है और यह घरेलू टीम के मजबूत पक्षों के अनुसार नहीं है। मोहाली में बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर सुपर जाइंट्स के बल्लेबाजों ने ढेरों रन बटोरे लेकिन यहां धीमी पिच पर उन्हें जूझना पड़ रहा है। राहुल और उनकी टीम को हालांकि पिछले घरेलू मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जब टीम अच्छी स्थिति में होने के बावजूद 136 रन के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही थी। स्पिनरों ने लखनऊ की पिच पर गेंदबाजी का लुत्फ उठाया है और रवि बिश्नाई ने अनुभवी अमित मिश्रा के साथ मिलकर टीम के लिए जिम्मेदारी उठाई है। मार्क वुड की गैरमौजूदगी में अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने प्रभावित किया। आवेश खान ने सात मैच में लगभग 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं और वह इसमें सुधार करना चाहेंगे।

टीम इस प्रकार हैः लखनऊ सुपर जाइंट्सः लोकेश राहुल (कप्तान), काइल मायर्स, दीपक हुड्डा, कृणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन, नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई और मयंक यादव। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोरः फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विराट कोहली, आकाश दीप, फिन एलेन, अनुज रावत, अविनाश सिंह, मनोज भांडगे, माइकल ब्रेसवेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, सिद्धार्थ कौल, महिपाल लोमरोर, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, वेन पार्नेल, हर्षल पटेल, सुयश प्रभुदेसाई, राजन कुमार, शाहबाज अहमद, कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा, सोनू यादव, विजयकुमार वैशाक और डेविड विली। समयरू मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# टेक्सास में एक व्यक्ति ने पांच पड़ोसियों की गोली मारकर हत्या की

क्लीवलैंड। अमेरिका में टेक्सास के एक व्यक्ति ने अपने पांच पड़ोसियों की गोली मारकर हत्या कर दी जिनमें आठ साल का एक लड़का भी शामिल है। प्राधिकारियों ने बताया कि यह घटना तब हुई जब पड़ोसियों ने आरोपी से उसके प्रांगण में गोलियां न चलाने के लिए कहा था क्योंकि वे लोग सोने का प्रयास कर रहे थे। संदिग्ध की पहचान 38 वर्षीय फ्रांसिस्को ओरोपेजा के रूप में की गयी है और वह फरार है तथा प्राधिकारियों ने चेतावनी दी है कि उसके पास अब भी हथियार हो सकता है। यह हमला ह्यूस्टन के उत्तर में क्लीवलैंड शहर के समीप शुक्रवार रात को हुआ।



घटना उस जगह हुई जहां कुछ निवासियों का कहना है कि पड़ोसियों द्वारा गोलियां चलाने की आवाज सुनना कोई असामान्य बात नहीं है। सैन जैसिंटो काउंटी के शेरिफ ग्रेग कैपर्स ने बताया कि ओरोपेजा ने एक एआर–शैली की राइफल का इस्तेमाल किया और प्राधिकारियों ने उसकी तलाश का दायरा घटनास्थल से 10 से 20 मील की दूरी तक बढ़ा दिया है। कैपर्स ने बताया कि मृतकों की आयु आठ से 31 वर्ष के बीच थी और ऐसा माना जा रहा है कि वे सभी होंडुरास से थे। उन्होंने बताया कि सभी को गर्दन से ऊपर गोली मारी गयी।

उन्होंने बताया कि जिस घर में रह रहे लोगों पर गोलियां चलाई गईं, उसमें 10 लोग थे लेकिन कोई और घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि दो लोग एक शयनकक्ष में दो बच्चों के ऊपर मृत पाए गए जिससे ऐसा लगता है कि उन्होंने बच्चों को बचाने की कोशिश की होगी। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की प्रवक्ता क्रिस्टिना गार्जा ने बताया कि मृतकों की पहचान सोनिया अर्जेंटीना गुजमैन (25), डायना वेलाजक्वेज अल्वाराडो (21), जूलिसा मोलिना रिवेरा (31), जोस जोनाथन कासारेज (18) तथा डेनियल एनरिक लासो (आठ) के रूप में की गयी है।

# महाराजा चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक के लिए बनाए गए पर्दे पर होंगे राष्ट्रमंडल देशों के नाम

लंदन। लंदन में छह मई को वेस्टमिंटर एबे में महाराजा चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक में सबसे पवित्र धार्मिक रस्म के लिए इस्तेमाल होने वाले कपड़े के पर्दे पर भारत समेत राष्ट्रमंडल के प्रत्येक सदस्य देश का नाम होगा। ब्रिटिश राजशाही के लंदन स्थित आधिकारिक आवास बकिंघम पैलेस ने यह जानकारी दी है। इस सप्ताहांत ''राज्याभिषेक पर्दे'' का अनावरण किया, जिसके बीच में एक पेड़ बना हुआ है और उसकी 56 शाखाओं पर राष्ट्रमंडल देशों के नाम हैं। पैलेस ने कहा कि यह 74 वर्षीय महाराजा के इस संगठन के लिए ''गहरे जुड़ाव'' को दर्शाता है। ऐतिहासिक रूप से महाराजा और ईश्वर के बीच जुड़ाव का क्षण माने जाने वाली यह रस्म ब्रिटिश महाराजा की ताजपोशी से पहले होती है।

इस परियोजना के डिजाइनर एडन हार्ट ने कहा, ''डिजाइन का प्रत्येक तत्व ऐतिहासिक राज्याभिषेक तथा राष्ट्रमंडल के पहलुओं के प्रतीक चिह्न के रूप में बनाया गया है, पक्षी सौहार्द्रपूर्ण तरीके से रह रहे एक समुदाय के सदस्यों के बीच खुशी और संवाद को दर्शाते हैं, फरिश्ते और कबूतर पवित्र आत्मा को दर्शाते हैं।'' अभिषेक समारोह के दौरान वेस्टमिंस्टर के डीन एक कलश से पवित्र तेल राज्याभिषेक के लिए बनी चम्मच में डालते हैं और कैंटरबरी के आर्कबिशप महाराजा के हाथों, सीने तथा सिर पर यह तेल लगाते हैं।



अगले शनिवार को होने वाले भव्य समारोह के मद्देनजर लंदन में सेंट जेम्स पैलेस के चौपल रॉयल में इस पर्दे का अनावरण किया गया। इस पर बनी पत्तियां 'रॉयल स्कूल ऑफ नीडलवर्क' के कर्मियों एवं छात्रों और'वरशिपफुल कंपनी ऑफ बॉर्डर्स, ड्रैपर्स एंड वीवर्स' के सदस्यों ने बुनी है। इस स्क्रीन को बनाने में इस्तेमाल सामग्री ब्रिटेन तथा अन्य राष्ट्रमंडल देशों से मंगायी गयी। कपड़े को ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड से मंगाई ऊन से बनाया गया है।

# अनिल कश्यप ने वेटरंस राष्ट्रीय टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीता

जालंधर। असम के अनिल कश्यप ने रविवार को यहां भारतीय रिजर्व बैंक के सुधीर केसरवानी को हराकर 29वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस चौंपियनशिप में 40 वर्ष से अधिक वर्ग का पुरुष एकल खिताब जीता। कश्यप ने केसरवानी को सीधे गेम में 11–6,



11–4, 11–8 से हराया। पचास वर्ष से अधिक वर्ग के पुरुष एकल फाइनल में महाराष्ट्र के मनीष रावत को बेहद करीबी मुकाबले में मलय कुमार ठक्कर ने 11–8, 9–11, 11–7, 7–11, 13–11 से शिकस्त दी। पुरुषों के 60 वर्ष से अधिक वर्ग के एकल फाइनल में महाराष्ट्र के अनिल रसम ने पंजाब के पंकज शर्मा को 8–11, 11–2, 11–9, 9–11, 11–8 से हराया। महाराष्ट्र के प्रकाश केलकर ने 65 वर्ष से अधिक उम्र का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में हिमाचल प्रदेश के पीटर डिसूजा को सीधे गेम में हराया। महिलाओं के एकल वर्ग के खिताब पश्चिम बंगाल की चंद्रानी डे गांगुली (40 वर्ष से अधिक) और पंजाब की रिपु दमन (50 वर्ष से अधिक) ने जीते।

# भारतीय मूल का व्यक्ति तीन किशोरों की हत्या का दोषी पाया गया

न्यूयॉर्क। अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को अपने घर के दरवाजे की घंटी बजाकर शरारत करने वाले तीन किशोरों की हत्या करने का दोषी पाया गया है। मीडिया में आयी एक खबर से यह जानकारी मिली। 'न्यूयॉर्क पोस्ट' की खबर के अनुसार, रिवरसाइड काउंटी निवासी अनुराग चंद्रा को शुक्रवार को हत्या के प्रयास के तीन आरोप और हत्या के तीन आरोपों में दोषी पाया गया। खबर में कहा गया है कि यह घटना 19 जनवरी, 2020 को हुई थी, जब किशोरों के एक समूह ने शरारत करते हुए चंद्रा के घर की घंटी बजाई थी। चंद्रा ने बताया कि घंटी बजाकर भागने से पहले एक किशोर ने उन्हें चिढ़ाया था। उसने तीनों किशोरों की गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी थी। खबर में कहा गया है कि इस घटना में 16 साल के तीनों किशोरों की मौत हो गई थी। जिस दिन यह दुर्घटना हुई उस दिन चंद्रा नशे में था। उसने कहा कि वह शरारत से 'बेहद परेशान' था तथा दावा किया कि वह अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित था। उसने शरारत करने वाले लड़कों का पीछा किया और उनकी कार को टक्कर मारकर उसे सड़क से नीचे गिरा दिया था। चंद्रा ने यह भी बताया कि कार को पीछे से टक्कर मारने के बाद वह नहीं रुका क्योंकि उसे लगा कि कोई घायल नहीं हुआ है। खबर में कहा गया है कि इस दुर्घटना में 18 वर्षीय एक चालक सहित 13 वर्षीय दो यात्री बच गए। चंद्रा इस दुर्घटना से पहले 2020 में घरेलू हिंसा की घटना के संबंध में पहले से ही आरोपों का सामना कर रहा है।



# ट्यूनीशिया के तट पर दो सप्ताह के भीतर 210 प्रवासियों के शव मिले

ट्यूनीशिया। ट्यूनीशिया के तट रक्षक बल ने कहा है कि उसने दो सप्ताह के भीतर अवैध प्रवासियों के लगभग 210 शव



बरामद किए जो समुद्र की लहरों के साथ बहकर आए थे। इस क्षेत्र में बीते कुछ समय में ऐसी घटनाओं में इजाफा हुआ है। किसी अन्य देश में शरण पाने की इच्छा से ये लोग अवैध रूप से ट्यूनीशिया के तट को पार करने की कोशिश कर रहे थे। ट्यूनीशिया के नेशनल गार्ड के हाउसमेडिन जेबाब्ली के अनुसार शवों की प्रारंभिक जांच से संकेत मिले हैं कि प्रवासी उपसहारा अफ्रीका के थे। तट पर बरामद किए गए शवों की घोषणा शुक्रवार को की गयी।

# उच्चतम न्यायालय में सेबी के आवेदन में गड़बड़ी का कोई निष्कर्ष नहीं: अडाणी समूह

नयी दिल्ली। अरबपति उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले अडाणी समूह ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय में दिए गए सेबी के आवेदन में किसी भी गड़बड़ी का कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया है। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अडाणी के खिलाफ आरोपों की जांच पूरी करने के लिए न्यायालय से छह माह का और समय मांगा है। अमेरिकी शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में अडाणी समूह पर हेराफेरी से शेयरों की कीमत बढ़ाने और नियामक खुलासे में चूक का आरोप लगाया था। समूह ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। न्यायालय के समक्ष दायर एक आवेदन में सेबी ने कहा, ''वित्तीय गलत बयानी, विनियमों की धोखाधड़ी और ६ या लेनदेन की धोखाधड़ी से संबंधित संभावित उल्लंघनों का पता लगाने की कार्रवाई को पूरा करने में छह और महीने लगेंगे।'' सेबी को इस संबंध में दो मई को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करनी थी, लेकिन शनिवार को उसने और समय मांगने के लिए अर्जी दी। सेबी ने शनिवार को दायर अपने आवेदन में कहा कि उसे इन मामलों में जहां ''प्रथम दृष्टया उल्लंघन पाए गए हैं'' और जहां ''प्रथम दृष्टया उल्लंघन'' नहीं मिला है, वहां ''विश्लेषण को फिर से सत्यापित करने और अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए'' के लिए छह महीने का और वक्त चाहिए। सेबी ने अपने आवेदन में कहा कि 12 संदिग्ध लेन–देन की जांच से पता चलता है कि ये 'जटिल हैं और इनमें कई उप–लेनदेन हैं और इन लेनदेन की एक सख्त जांच के लिए सत्यापन सहित विस्तृत विश्लेषण के साथ ही विभिन्न स्रोतों से मिले आंकड़ों को मिलाने की जरूरत होगी।'' अडाणी समूह ने बयान में कहा, ''यह ध्यान रखना उचित है कि उच्चतम न्यायालय के समक्ष दायर सेबी के आवेदन में किसी भी कथित गड़बड़ी का कोई निष्कर्ष नहीं है।'' कुछ हिस्सों में सेबी की जांच में देरी को संदेह के साथ देखा गया। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा और शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भी ट्वीट कर सेबी पर सवाल उठाए हैं।



# 'स्ट्रीट' फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए रोनाल्डिन्हो शुरू करेंगे लीग

लॉस एंजिलिस। ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी रोनाल्डिन्हो



प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के लिए विश्वव्यापी 'स्ट्रीट सॉकर लीग' शुरू कर रहे हैं। लंबे समय तक बार्सिलोना का प्रतिनिधित्व करने वाले इस खिलाड़ी का खेल भी सड़क और गलियों में शुरू हुआ था और वह चाहते हैं कि इस तरह से खेल से जुड़ने वालों खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का वैश्विक मंच मिले। आयोजकों ने शनिवार को बताया कि यह वैश्विक स्ट्रीट लीग '2023 के आखिर' में शुरू होगी। शुरुआत में इसमें सोशल मीडिया के जरिये खिलाड़ियों को परखा जायेगा, जहां सभी उम्र के 'स्ट्रीट' फुटबॉल खिलाड़ी प्रतियोगिता की टीमों में से एक में शामिल होने के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ कौशल और खेल के तरीकों का वीडियो अपलोड कर सकते हैं। दुनिया भर के प्रमुख शहरों में इसके मैचों और कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में टीमें 'आरजीएसएल (रोनाल्डिन्हो ग्लोब स्ट्रीट टीम) चौंपियंस' के खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। अपने करियर के दौरान दो बार विश्व के साल के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी रहे रोनाल्डिन्हो ने कहा, ''हम मानते हैं कि इस क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं और यह भविष्य के खिलाड़ियों का समर्थन करने का एक शानदार मौका होगा।

# रोमा और एसी मिलान ने 1–1 से डॉ खेला

मिलान। रोमा और एसी मिलान ने इंजरी टाइम में गोल दागते हुए शनिवार को यहां सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट का मुकाबला 1–1




से ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से दोनों टीम के बीच चौंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ रोमांचक हो गई है। ट्रैमी अब्राहम ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में जब गोल दागा तो उन्हें लगा होगा कि उन्होंने रोमा की जीत सुनिश्चित कर दी है लेकिन तीन मिनट बाद एलेक्सिस सेलेमेकर्स ने एसी मिलान को बराबरी दिला दी। मिलान और रोमा दोनों के 32 मैच मैच में समान 57 अंक हैं। दोनों टीम के बीच सत्र का पहला मैच भी जनवरी में 2–2 से ड्रॉ रहा था जबकि दोनों का गोल अंतर भी समान है। ऐसे में सत्र में रोमा से आठ गोल अधिक करने के कारण मिलान की टीम चौथे नंबर पर है। शीर्ष चार टीम चौंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## कोरोना : 10 लोग संक्रमित मिले

देवरिया। कोविड संक्रमण थम नहीं रहा है। हर रोज संक्रमित मिल रहे हैं। कोविड के नए 10 पॉजिटिव केस मिले हैं। इसमें देसही देवरिया और भलुअनी ब्लॉक क्षेत्र के चार–चार व शहर क्षेत्र के दो मरीज शामिल हैं, जिसमें पांच महिलाएं और पांच पुरुष हैं। जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 16 है। सभी होम आइसोलेशन में हैं। वहीं होम आइसोलेशन का एक मरीज स्वस्थ हुआ है। कोविड को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण कम नहीं हो रहा है। इसे लेकर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। लोगों को जागरूक करने के साथ ही कोविड प्रोटोकाल का पालन करने को कहा जा रहा है। इसके बाद भी लोग लापरवाह बने हुए हैं। लोग घर से बिना मास्क के निकल रहे हैं। वहीं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो रहा है। यही हाल रहा तो लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। आई रिपोर्ट में शहर के अलग–अलग मोहल्ले के दो युवक बुखार, सिर दर्द, सर्दी से पीड़ित थे। दोनों इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, जहां जांच में पॉजिटिव मिले। वहीं विकास खंड देसही देवरिया क्षेत्र के विभिन्न गांवों के एक युवक व तीन महिलाएं बुखार, सिर दर्द, खांसी, थकान होने पर अस्पताल पहुंचीं, जहां जांच में संक्रमित मिलीं। भलुअनी ब्लाक क्षेत्र के अलग–अलग गांव की दो महिलाएं व व्यक्ति इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, जहां जांच में पॉजिटिव मिले। इसमें कोई गंभीर नहीं है। सभी का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है।

## दस लोगों पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास का केस दर्ज

भटनी। एक सप्ताह पूर्व मकान का छज्जा निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। मामले में पुलिस ने छह नामजद व चार अज्ञात पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया है। एक पक्ष की तहरीर पर पहले ही केस दर्ज किया जा चुका है। दोनों पक्षों से मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच में जुटी है। पिपरा दीक्षित गांव में नंदलाल प्रसाद के मकान का छत डालने का काम चल रहा था। पट्टीदार के घर की तरफ मकान का छज्जा निकालने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। 23 अप्रैल को दोनों पक्ष ग्राम प्रधान के दरवाजे पर पंचायत कराने पहुंचे। इसी दौरान मारपीट हो गई। इसमें नंदलाल प्रसाद और जगदीश प्रसाद घायल हो गए। 24 अप्रैल को जगदीश की शिकायत पर पुलिस ने नंदलाल सहित चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया। जिला अस्पताल से इलाज कराकर पहुंचे नंदलाल की तहरीर पर पुलिस ने जगदीश प्रसाद, अमीन, घर्मेंद्र, लीलावती, गोलू, प्रवीण व अज्ञात चार पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। एसओ वीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

## शिव महायज्ञ के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा

बनकटा/ रामपुर बुजुर्ग। क्षेत्र के बसावन चक में शिव शक्ति महायज्ञ आयोजन पर कलश यात्रा निकाली गई। इसमें पुरुषों के साथ–साथ महिलाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में हाथी, घोड़े व बैंडबाजा आकर्षण का केंद्र रहे। यज्ञाचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश यात्रा निकली। जो बसावन चक से जगदीशपुर, हरेराम चौराहा होते हुए प्रतापपुर झरही नदी के किनारे पहुंची। यहां नदी से जल भरकर श्रद्धालु खुरवसिया दक्षिण, सिकटिया होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे। इस दौरान धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो... के नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा में बुद्ध महाविद्यालय के निदेशक चंद्र प्रताप सिंह, पुरुषोत्तम पांडेय, रामदयाल शर्मा, राजेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, रितेश कुमार, छोटेलाल, मनेश, आस मोहम्मद, फिरोज, अनिता, पिंकी चौहान आदि शामिल रहे।

### परिजनों ने दो प्रेमियों के संग बहू को पकड़ा

निचलौल। थाना क्षेत्र के भारत–नेपाल बॉर्डर के निकट आधी रात को बहू के साथ कमरे में रंगलेरियां मना रहे उसके दो प्रेमियों को परिजनों ने पकड़ लिया। उसके बाद परिजनों ने दोनों को कमरे बंद कर ताला जड़ दिया। सुबह इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस को परिजनों ने पकड़े गए दोनों प्रेमियों को सौंप दिया। पुलिस को दी गई तहरीर में बहू की सास ने बताया है कि बेटे की पांच वर्ष पहले कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी की थी। शादी के बाद बहू और बेटे एक–दूसरे के साथ प्रेम करते हुए कुछ वर्ष गुजार दिए। इसी बीच दोनों से एक बेटी पैदा हुई। उसके बाद बेटा–बेटी का भविष्य संवारने और परिवार के रोजी–रोटी के सिलसिले में सऊदी कमाने चला गया। बेटे के सऊदी जाने के बाद बहू का मायके आना–जाना लगा था। जहां पर बहू मायके में ही दो युवकों से प्रेम कर बैठी। चोरी–छिपे बहू प्रेमियों से बात करती रहती थी। शक होने पर बात को टाल देती थी। इसी बीच रात को बहू ने प्रेमियों को घर पर बुला लिया। आधी रात को बहू के कमरे से युवकों की आवाज सुनाई दी। उसके बाद कमरे में खिड़की से देखी तो दंग रह गई। कमरे में बाहर से कुंडी लगाते हुए परिवार के अन्य सदस्यों को जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। जांच की जा रही है।

### दीपदान के बाद श्रद्धालुओं ने की परिक्रमा

मिठौरा। क्षेत्र के सिंदुरिया में श्री विष्णु महायज्ञ के आठवें दिन दीपदान किया गया। दीपदान के बाद दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर,राम जानकी मंदिर की परिक्रमा करते हुए हर–हर महादेव का नारा लगाया। जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो उठा। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष मुनीब शर्मा, अमित कुमार, प्रेम सागर गुप्ता, गोपाल कुशवाहा,पिंटू श्रीवास्तव, शिव शंकर, सच्चिदानंद पांडेय, हरख चंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बालकों को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन दिया जाए

महराजगंज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कमलेश्वर पांडेय ने राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह, गोरखपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। सचिव ने गृह में रहने वाले बालकों से उनकी देखरेख, खानपान, रहनसहन एवं उनकी स्थिति, सुविधाओं की जानकारी ली। संप्रेक्षण गृह के भोजनालय, मनोरंजन कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, बैरक का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी बालकों से एक–एक करके वार्ता की, और उनसे उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधीक्षक को निर्देशित किया कि सभी बालकों को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन दिया जाए, संप्रेक्षण गृह में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। महराजगंज के 34 बाल अपराधी निरूद्ध हैं। निरीक्षण के समय प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, बलवंत कुमार भारती भी मौजूद रहे।

# आवास बांटने की सूचना पर समर्थकों के साथ पहुंचे निर्दल प्रत्याशी, किया हंगामा

कंचनपुर। तरकुलवा थाना क्षेत्र के कनकपुरा गांव में खुद को डूडा देवरिया का जेई बताकर आवास बांटे जाने की सूचना पर तरकुलवा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचकर विरोध शुरू कर दिया। हंगामा होता देखकर वहां काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। प्रत्याशी समर्थकों और ग्रामीणों ने आवास बांट रहे दोनों युवकों को पकड़ कर बैठा लिया। काफी देर बात कुछ लोगों के समझाने–बुझाने पर ग्रामीणों ने उन्हें जाने दिया।

नवसृजित तरकुलवा नगर पंचायत के कनकपुरा गांव में . शाम को दो लोग पहुंच कर आवास आवंटन करने के लिए लाभार्थियों का जीओ टैग कर रहे थे। आरोप है कि वे लोग जीओ टैग के नाम पर लाभार्थियों से एक–एक हजार रुपए की वसूली कर रहे थे। किसी ने इसकी सूचना तरकुलवा नगर पंचायत से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे एक निर्दलीय प्रत्याशी को दे दी। वह समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए और आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का हवाला देकर इसका विरोध करने लगे। देखते ही देखते बात बिगड़ गई।

शोरगुल सुनकर मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों और प्रत्याशी के समर्थकों ने आवास आवंटन कर रहे दो लोगों को पकड़ कर बैठा लिया। पूछने पर दोनों ने खुद को डूडा देवरिया का जेई बताया। काफी देर बाद कुछ लोगों की मध्यस्थता के बाद ग्रामीणों ने उन्हें जाने दिया। इसकी चर्चा क्षेत्रीय लोगों की जुबान पर तैर रही है।

इस बाबत थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नही है। इस संबंध में डूडा देवरिया के परियोजना निदेशक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि परियोजना पहले से स्वीकृत है, जिसकी निर्वाचन आयोग से अनुमति भी मिल चुकी है। डूडा देवरिया के कर्मचारी जीओ टैग करने गए हुए थे, ताकी लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजा जाए। एक हजार रुपये लेने के आरोप पर उनका कहना था कि इसकी कोई सूचना उन्हें नहीं है। इस तरह कि कोई शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## योद्धा मार्शल आर्ट्स की बेल्ट ग्रेडिंग संपन्न, 90 ने किया प्रतिभाग 57 हुये सफल

### सफल प्रतिभाग करने वालों को मिला कलर बेल्ट, मार्शल आर्ट सर्टिफिकेशन बोर्ड के लिए संघर्ष करेंगे मार्शल आर्टिस्ट

गोरखपुर। भारतीय शौर्यकला की संस्था योद्धा मार्शल आर्ट्स समिति के मार्शल आर्ट्स प्रशिझुओ की बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा रविवार को बशारतपुर स्थित गोल्डेन लान मे संपन्न हुई। महानगर के छह योद्धा क्लबों के 90 प्रशिक्षुओं ने इसमें प्रतिभाग किया जिसमें 57 सफल रहे। मुख्य अतिथि प्रसार भारती के पूर्व सहायक निदेशक एवं पर्यावरण मित्र मिशन के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक डॉक्टर तहसीन अब्बासी एवं विशिष्ट अतिथि सूर्यकुंड धाम विकास समिति के संयोजक संतोष मणि त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से 5 सफल प्रशिक्षुओ को पर्पल, 10 को ब्लू, 25 को येलो, 4 को ग्रीन,7कोऑरेंज और 6 को ब्राउन बेल्ट प्रदान किया।



इस दौरान भारत को मार्शल आर्ट की जन्मभूमि बताते हुए योद्धाओं ने भारत की इस कला को समुचित मान सम्मान व सरकारी मान्यता दिलाने के साथ–साथ मार्शल आर्ट को कैरियर एवं रोजगार से जोड़ने के लिए योगा की भांति मार्शल आर्ट सर्टिफिकेशन बोर्ड गठित करने की मांग भारत सरकार से दोहराई तथा इसके लिए संघर्ष का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन योद्धा मार्शल आर्ट्स की महिला प्रमुख अनुप्रिया आनंद ने किया। योद्धा मार्शल आर्ट्स समिति के अध्यक्ष श्याम किशुन की देख रेख में प्रातः7 से 10 बजे तक आयोजित बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में योद्धा मार्शल आर्ट्स की महानगर की 6 शाखाओ के प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया, इस दौरान योद्धाओं ने हैरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन कर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। 3 घंटे की बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा मे 1 घन्टे प्रैक्टिकल,1 घंटा फाइटः और 1 घंटे की लिखित परीक्षा हुई। फिजिकल टेस्ट में किक, पंच, थ्रोइंग, स्पायरिंग, काता,फाइटिंग, बैलेंस का गहन परीक्षण चंद्र प्रकाश मणि त्रिपाठी, अनुराग कुमार गौड़ एवं जागृति वर्मा के द्वारा किया गया इसके बाद बेल्टवार प्रश्नोत्तर आधारित लिखित परीक्षा संपन्न हुई,परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर 57 प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए । उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को मुख्य अतिथि डॉक्टर तहसीन अब्बासी, सूर्यकुंड धाम विकास समिति के संयोजक संतोष मणि त्रिपाठी एवं योद्धा मार्शल आर्ट्स समिति के अध्यक्ष श्याम किशुन ने येलो ,ऑरेंज, ग्रीन, ब्लू बेल्ट, पर्पल बेल्ट व योद्धा प्रमाण पत्र प्रदान कर मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षुओं के सफल भविष्य की कामना की।आभार ज्ञापन संरक्षक अजय मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विशाल सिंह ,कनक लता मिश्रा , भरत मझवार, अरुण साहनी, पूनम श्रीवास्तव ,मुकेश कुमार ,साहिब राम अनुपमा मणि आदि उपस्थित थे। ये रहे सफल प्रतिभागीः येलो बेल्ट–शिवांगी मिश्रा, अद्विका सिंह ,समृद्धि शुक्ला, अयान सिंह, मोहम्मद सिद्दीकी, शिवांश अग्रहरि ,कौस्तुभ मिश्रा ,समृद्ध सिंह ,मनीष भारती, श्रीजा मिश्रा, कुमारी सावित्री, कनक यादव, आयांश भंडारी, अन्वी सिंह, आराध्य त्रिपाठी ,सानवी सिंह ,सम्राट विक्रम सिंह ,समर्थ शुक्ला, मिहिर शाह, निखिल कुमार, सुजाता दास, पारुल तिवारी, मान्यता दास रमांसी साही आसमान सिंह।

ऑरेंज बेल्ट–अश्विन गुप्ता, अनुराग राय, शिरीष गुप्ता ,अमोघ शिखर, रियांश तिवारी, कुंजल त्रिपाठी , यस्वीका आनंद,

ग्रीन बेल्ट–मतलूब अहमद ,अद्वित सिंघानिया, धैर्य आनंद, अक्षित

ब्लू बेल्ट–अमान अहमद ,सालमली सिंह, अश्विन आनंद, श्रेयांश सिंह, वियांश केसरवानी, विआन गुप्ता, आद्विक केसरवानी, आदित्य द्विवेदी, चारिका श्रीवास्तव, हर्षिता आनंद पर्पल बेल्ट–अनन्या भट्ट, नव्या प्रजापति, रचीका श्रीवास्तव, सत्यम पांडे ,संजीव कुमार ब्राउन बेल्ट–तमन्ना श्रीवास्तव, गुंजा निषाद ,प्रेम सागर ,शिवसागर ,गोविंद भारती, दीपशिखा गुप्ता।

## गांवों में स्वच्छता का सत्यापन करेगी 60 टीमें

महराजगंज। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता संबंधी स्थिति का पता लगाने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में पांच–पांच टीम गठित की गई है। टीम के सदस्य ग्रामीणों से संपर्क कर निर्धारित बिंदुओं पर 31 मई तक सर्वे की हकीकत देखेंगे व अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जिले की सभी 882 ग्राम पंचायतों में बुनियादी सुविधाओं के विकास की हकीकत का पता लगाने के लिए टीमों के माध्यम से सर्वे करना है। प्रत्येक गांव में पांच टीमें चरणवार सर्वे करेंगी।

पहली टीम सहायक विकास अधिकारी पंचायत के नेतृत्व में होगी। दूसरी टीम बाल विकास परियोजना अधिकारी, तीसरी टीम सहायक विकास अधिकारी उद्योग, सेवा व व्यापार, चौथी टीम खंड शिक्षा अधिकारी एवं पांचवीं टीम अवर अभियंता लघु सिंचाई के नेतृत्व में कार्य करेगी।

टीम के सदस्य गांव में पहुंचकर ठोस कचरा प्रबंधन, द्रव अपशिष्ट प्रबंधन, मलीय गाद प्रबंधन, सार्वजनिक स्थानों पर प्रत्यक्ष स्वच्छता व क्षमतावर्धन आदि की हकीकत को देखते हुए अपनी रिपोर्ट को तैयार करेंगे व उसे 31 मई तक संबंधित ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी के पास जमा करेंगे। इसके बाद ब्लॉक स्तर पर एक से 15 जून तक रिपोर्ट का सत्यापन किया जाएगा।

ब्लॉकवार इतने गांवों का होगा सत्यापनः टीमों की ओर से निचलौल ब्लॉक के सर्वाधिक 108, बृजमनगंज ब्लॉक के 65, धानी के 20, घुघली के 74, लक्ष्मीपुर के 96, सदर व सिसवां के 60–60, मिठौरा के 82, नौतनवां के 97, पनियरा के 72, परतावल के 77 व फरेंदा के 71 गांवों में सत्यापन होगा।

स्वच्छता की हकीकत जानने के लिए इनसे ली जाएगी रायः स्वच्छता की हकीकत जानने के लिए टीमों की ओर से ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य, सामुदायिक शौचालय के प्रभारी, स्कूलों के शिक्षक व प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वच्छाग्रही, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य एवं ग्राम जल व स्वच्छता समिति के सदस्यों से जानकारी ली जाएगी।

## फर्जी तरीके से जमीन बैनामा कराने का आरोप

परतावल। गोरखपुर के गुलहरिया थाना क्षेत्र के हीरागंज नरायनपुर नंबर–दो निवासी छबिलाल चौहान ने श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के चार लोगों के खिलाफ फर्जी तरीके से खेत का बैनामा कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। छबिनाथ चौहान ने बताया कि सवा एकड़ खेत की आवश्यकता थी। खेत खरीदने के लिए गांव के ही रविंद्र से संपर्क किया। रविंद्र ने उन्हें श्यामदेउरवां थानाक्षेत्र के बड़हरा बरईपार ले जाकर 120 डिस्मिल जमीन दिखाई, जो जमीन बड़हरा बरईपार निवासी जहीरूल हसन का 60 डिस्मिल तथा नुरूद्दीन का 60 डिस्मिल था। जमीन पसंद आने पर उन्हें खाते में संपूर्ण धनराशि दे दी। रुपया भुगतान करने के बाद पांच अप्रैल 2019 को रविंद्र के साथ महराजगंज बैनामा कराने गया। जहां बैनामा के खर्च के लिए एक लाख पैंतीस हजार रुपये नकद दिया गया। कोरोना का समय था, इसलिए उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालय में सिर्फ फोटो खींचा जाएगा और फिंगर लगाया जाएगा। इसके अलावा कुछ नहीं होगा। उनके झांसे में आ गया। यह सब होने के बाद खेत बोने के लिए रविंद्र को दे दिया गया। उपज का आधा हिस्सा रविंद्र मुझे देते थे। पैसे की आवश्यकता पड़ने पर मैं उक्त जमीन को बेचने के लिए एक ग्राहक को साथ लेकर जमीन दिखाने गया। वहां बगल के लोगों ने बताया कि मेरी जमीन सोनमती पत्नी रविंद्र के नाम से है। जब जमीन के बैनामा की नकल निकालकर देखी तो पता चला कि उन लोगों ने मिलकर मेरे साथ छल कपट किया है। मेरा पैसा हड़प लिया है। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी जहीरूल, नुरूद्दीन, रविंद्र व उनकी पत्नी सोनमती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## सीएचसी रुद्रपुर पहली बार व लार को पांचवीं बार मिला कायाकल्प अवार्ड

देवरिया। जनपद की छह सीएचसी को कायाकल्प अवार्ड मिला है। इसमें लार, बरहज, गौरीबाजार, सलेमपुर, पिपरा धौलाकदम और रुद्रपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इनमें से लार सीएचसी ने जिले का मान बढ़ाते हुए पांचवीं बार अवार्ड हासिल किया है। जबकि रुद्रपुर सीएचसी को पहली बार पुरस्कार मिला है। कायाकल्प अवार्ड पाने वाले सीएचसी को एक– एक लाख रुपये मिलेंगे। सीएमओ डॉ. राजेश झा ने बताया कि लार सीएचसी को लगातार पांच बार कायाकल्प अवार्ड मिला है। इस बार 74.57 फीसदी अंकों के साथ सीएचसी ने प्रदेश स्तर पर रैंकिंग हासिल की है। सीएचसी बरहज और गौरीबाजार को चौथी बार, सीएचसी सलेमपुर को तीसरी बार, सीएचसी पिपराधौला कदम को दूसरी बार और सीएचसी रुद्रपुर को पहली बार कायाकल्प अवार्ड मिला है। उन्होंने बताया कि सीएचसी गौरीबाजार ने 87.14 फीसदी अंकों के साथ जनपद में पहला स्थान, जबकि पिपराधौला कदम सीएचसी ने 83.86 फीसदी अंकों के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सीएमओ ने सभी सीएचसी की टीम और जिला स्तरीय सहयोगियों को बधाई दी है।

350 बिंदुओं पर हुआ मूल्यांकनः कार्यक्रम सहायक (क्वालिटी एश्योरेंस) अभिषेक कुमार कनौजिया ने बताया कि जिले में फरवरी 2023 में 350 बिंदुओं पर सीएचसी का मूल्यांकन किया गया था। अक्टूबर 2022 में आठ सीएचसी को आंतरिक मूल्यांकन के लिए चुना गया था, जिसमें छह सीएचसी पास हुई। दिसंबर 2022 में छह सीएचसी का पियर मूल्यांकन (मंडल स्तरीय मूल्यांकन) पर हुआ। उन्हीं का बाहर से आई टीम से भी मूल्यांकन करवाया गया। सीएचसी को पुरस्कार में मिली धनराशि का 75 फीसदी सीएचसी के विकास पर, जबकि 25 फीसदी कर्मचारी कल्याण जैसे पुरस्कार, समारोह आदि में खर्च किए जाएंगे।

## मूल्यांकन प्रकोष्ठ टीम प्रतिदिन 10 विद्यालयों का करेगी पर्यवेक्षण

महराजगंज। परिषदीय विद्यालयों में स्कूल छोड़कर गायब रहने वाले शिक्षकों की मुसीबत बढ़ने वाली है। अब डायट के उप शिक्षा निदेशक के नेतृत्व वाली मूल्यांकन प्रकोष्ठ समिति की ओर से प्रतिदिन 10 विद्यालयों का पर्यवेक्षण करते हुए वास्तविकता को जांचा जाएगा। समिति के सदस्य शिक्षकों को वीडियो काल व काल करके उपस्थिति का ऑनलाइन अनुश्रवण करेंगे। मूल्यांकन प्रकोष्ठ समिति गठित करने का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षकों के ठहराव के साथ ही बेहतर ढंग से शैक्षिक गतिविधियों को क्रियान्वित किया जाना है। समिति के सदस्य परिषदीय विद्यालय व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों व अन्य कर्मियों को काल करके स्कूलों की हकीकत का पता लगाया जाएगा। यदि किसी विद्यालय के प्रधानाध्यापक की ओर से तीन बार अलग–अलग कार्य दिवसों में काल को उठाया नहीं गया तो ऐसे विद्यालयों के संबंध में डायट की मासिक बैठक में चर्चा की जाएगी तथा शिक्षकों के प्रति आवश्यक कार्रवाई किए जाने की पहल होगी।

समिति में इन्हें किया गया है शामिलः उप शिक्षा निदेशक डायट के नेतृत्व में गठित समिति में वरिष्ठ प्रवक्ता, एक–एक पुरुष व महिला प्रवक्ता के साथ ही एक तकनीकी सहायक भी शामिल होंगे। चेकलिस्ट के मुताबिक किया जाना है कार्य

शिक्षकों से ब्लॉक, विद्यालय व संकुल का नाम जानने के साथ ही काल करने की तिथि व समय को भी जाना जाएगा। काल के समय उसके विद्यालय में उपस्थिति के साथ ही जारी कालांश, विषयवार किए जा रहे शिक्षण कार्य, गतिविधियों, संदर्शिका के प्रयोग, टीएलएम के प्रयोग, गणित व विज्ञान किट के प्रयोग, रिमेडियल टीचिंग के प्रभाव, निपुण कार्ययोजना व तालिका के साथ ही कुल स्टाफ, उपस्थित स्टाफ, कुल छात्र नामांकन, मेंटर के भ्रमण व विद्यालय की समस्या की जानकारी ली जाएगी।

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

कंचनपुर। शादी के बाद दहेज के लिए ससुरालियों ने विवाहिता को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। दो लाख रुपये और चारपहिया वाहन की मांग की । दहेज की रकम नही मिलने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। तरकुलवा थानाक्षेत्र के मठिया रत्ती गांव के रहने वाले रमेश गुप्ता ने अपनी बेटी गुंजन की शादी 28 मई 2019 को थाना क्षेत्र के भैंसाड़ाबर गांव निवासी विनोद गुप्ता के बेटे नीरज गुप्ता से धूमधाम से की थी। शादी के समय दहेज में पांच लाख रुपए, बुलेट मोटरसाइकिल, सोने का चेन और अन्य जेवरात दिए। आरोप है कि शादी के बाद नीरज और उनके घर वाले दहेज में दो लाख रुपए और एक चार पहिया वाहन की मांग को लेकर गुंजन को प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने 23 अप्रैल को उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उक्त लोग गोलबंद होकर जान मारने की नियत से पकड़ कर उसके सिर को ईंट की दीवार में लड़ाया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन लोगों ने उसे जबरदस्ती घर से निकाल दिया। पीड़िता गुंजन की तहरीर पर तरकुलवा पुलिस ने पति नीरज, सास संगीता देवी, ससुर विनोद गुप्ता और देवर राजू के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# मन की बात की 100वीं कड़ी को राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना

## सदर विधानसभा के राबर्ट्सगंज नगर मे आयोजित कार्यक्रम मे शामिल हुयी राज्यसभा सांसद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। देश की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक प्रगति के लिए लगातार प्रयत्नशील रहते हैं प्रधानमंत्री 30 अप्रैल 2023 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मन की बात के 100वें संस्करण को राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने जिले के सदर विधानसभा राबर्ट्सगंज में दण्डईत बाबा मंदिर प्रांगण में कार्यकर्ताओं व आमजनों के साथ सुना। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दर्शना सिंह ने कहा कि हम सबके लिए यह कालखंड बहुत ही गर्व का है, जब अपने देश के पास हमारे नेतृत्व के रूप में एक सशक्त नेता नरेंद्र मोदी हैं। श्री मोदी ऐसे प्रधानमंत्री है, जो देश में विद्यमान छोटे से छोटी समस्या से रूबरू होते हैं, छोटे से छोटे व बड़े से बड़े व्यक्ति के बारे में भी उनका ध्यान है। गांवों में बैठे गरीबों–किसानों के जीवन में बदलाव आएं, यह उनकी प्राथमिकता है। कहा कि देश की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक प्रगति हो, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्राथमिकता पर है, जिसके लिए वे लगातार प्रयत्नशील रहते हैं। एक समय था जब भारत दुनिया के राजनीतिक मंच पर पीछे की सीट पर रहता था, कोई बोलने का अवसर नहीं होता था, बोलने के लिए बाट जोहता रहता था, लेकिन पिछले 8–9 साल में श्री मोदी के व्यक्तित्व कृतित्व, दृढ़ संकल्प, कार्यकुशलता, उनके द्वारा देश में किए जा रहे बदलाव व सुधार तथा उनकी कूटनीति के परिणामस्वरूप आज दुनिया में यह स्थिति निर्मित हुई है कि कोई भी देश या संगठन हो, उसका एजेंडा तब तक नहीं बनता, जब तक कि उस पर भारत अपनी सहमति नहीं दे देता। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल हुए हैं, 2047 में 100वां साल होगा, अभी अमृत महोत्सव मनाया है, 2047 में शताब्दी मनेगी। इस बीच 25 साल की यात्रा वह होगी, जिनमें भारत के उत्कृष्ट होने का जो सपना पूर्वजों ने देखा था, उसे साकार करने का यह महत्वपूर्ण काल है। उन्होंने कहा कि हम सब प्रत्येक क्षण का उपयोग भारत को श्रेष्ठ भारत के रूप में स्थापित करने में करें, जब आजादी का 100वां साल आएं तो हमारी नई पीढ़ी इसके लिए धन्यवाद दें। मोदी को पार्टी ने ऐसा गढ़ा है कि जिन्हें सिर्फ नेता ही नहीं, बल्कि दुनिया के महान नेता के रूप में जाना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने मन की बात में लक्ष्मणाराव ईनामदार का जिक्र करते हुए कहा है कि वे हमेशा कहते थे कि हमें दूसरों के गुणों की पूजा करनी चाहिए। सामने कोई भी हो, आपके साथ का हो, विरोधी हो, उसके अच्छे गुणों को जानने, उनसे सीखने का प्रयास करना चाहिए। उनकी इस बात ने मुझे हमेशा प्रेरणा दी है। मन की बात दूसरों के गुणों से सीखने का बहुत बड़ा माध्यम बन गई है। इसे देश–दुनिया के करोड़ों लोग सुनते हैं, इससे प्रेरणा लेते है, मोदीजी इससे सीधे करोड़ों देशवासियों से जुड़ते हैं, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। कार्यक्रम में मुख्यरुप से जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सदर विधायक भूपेश चौबे, पूर्व विधायक रुबी प्रसाद, डा0 एके सिंह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र पाठक, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश द्विवेदी, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन अजय शेखर व कृष्णमुरारी गुप्ता, मनोज सोनकर, शंभू नारायण सिंह, संतोष शुक्ला, विष्णु पासवान, अनूप तिवारी, पुष्पा सिंह, आशा विश्वकर्मा, गुडिया तिवारी, अनुपम तिवारी संजय जायसवाल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता व आमजन मन की बात कार्यक्रम में मौजूद रहे।



# मजबूत लोकतंत्र में भागीदारी के लिए वोट देना जरूरी है: एड पवन कुमार सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्ण जयंती चौराहे रावटसगंज सोनभद्र पर बुद्धिजीवी एवम् समाजसेवियों द्वारा नगर निकाय चुनाव पर विचार विमर्श किया गया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री अतुल प्रताप पटेल एडवोकेट ने कहा कि ने बताया कि मतदान करना हर नागरिक का सर्वप्रथम कर्तव्य है। हर भारतीय नागरिक को अपना यह कर्तव्य अपनी इच्छा अनुसार सभी को निभाना चाहिए। जाति भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र एवं देश हित के लिए मतदान करना अति आवश्यक है। मतदान करने से देश के विकास एवं राष्ट्र हित जुड़ा होता है। मतदाताओं से अपील की कि मतदाता मतदान के दिन प्रथम कार्य मत का प्रयोग ही करें जिससे राष्ट्रहित की सरकार बन सके। पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एड पवन कुमार सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में स्वच्छ, पढ़े लिखे व ईमानदार छवि के उम्मीदवार को अपना अमूल्य मत दे, जिससे चरित्रवान एवं समाजसेवा के लिए समर्पित प्रत्याशी चुना जा सके। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी प्रदीप पांडेय ने कहा कि अगर हम चाहते हैं कि नगर निकाय चुनाव में अच्छी सरकार बने तथा हमारी आवाज सरकार तक पहुंचे एवम् हमारी समस्याओं का समाधान हो हमारे जीवन में बेहतरी आए तो सही जनप्रतिनिधि का चुनाव जरूरी है हमारा यह हक बनता है कि हम निष्पक्ष और निर्भय होकर मतदान करे ! इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश पटेल, डी एन सिंह, संदीप जायसवाल,राम गोपाल दुबे, काकू सिंह, राजेश तिवारी, अशोक कनौजिया, नवीन कुमार पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।



# चुनावों में राजनीतिक दलों को आती है पसमांदा मुसलमानों की याद: अनीस मंसूरी

लखनऊ (आरएनएस )। राजधानी में पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। रविवार को लालबाग स्थित संगठन के कार्यालय पर आयोजित बैठक में पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने दबी जुबान में सभी राजनीतिक दलों पर पसमांदा मुसलमानों के शोषण का गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब–जब चुनाव करीब आते हैं तब–तब सभी राजनीतिक दल पसमांदा मुसलमानों के हितैषी होने का दावा करते हैं। लेकिन जब राजनीतिक भागीदारी देने का समय आता है तो पसमांदा मुसलमानों को नजर अंदाज कर दिया जाता है। ऐसे हालात में जब राजनैतिक दल पसमांदा को भागीदारी देने से दूरी बना रहे हैं तो क्यों न पसमांदा मुस्लिम समाज के पदाधिकारी आगामी लोकसभा चुनाव–2024 में खुद कमान अपने हाथ लेकर पसमांदा के बैनर तले चुनाव की नई रणनीति बनाकर चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी बनाई जाए। जिससे राजनैतिक दलों का पसमांदा मुसलमानों को लुभाने का भरम भी खत्म हो जायेगा और पसमांदा मुसलमानों को किसी राजनैतिक दल के चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। इसी बारे में संगठन प्रमुख अनीस मंसूरी ने कहा कि वह देश के सभी प्रदेशों में संगठन को चुस्त दुरुस्त करने के लिए जल्द ही राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश, झारखण्ड, आसाम, छत्तीसगढ़, मेघालय, उड़ीसा, हरियाणा और हिमाचल का दौरा करके संगठन को लोकसभा चुनाव के लिये तैयार करेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से इमरान मंसूरी, अध्यक्ष, मंसूरी मानव विकास फाउंडेशन मुंबई को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर इमरान मंसूरी ने मुंबई में पसमांदा मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जगह देने का ऐलान भी किया।

# दुकान में काम करने वाले नौकर ने ही करवाई लूट

लखनऊ। थाना वजीरगंज व सर्विलांस सेल (डीसीपी) पश्चिमी) की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर लुटेरों को किया गया गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने लूटी गयी स्कूटी, एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी राहुल राज ने बताया कि 28 अप्रैल को रीवरबैंक कालोनी राम मन्दिर के सामने से व्यापारी ग्रीश चंद्र गुप्ता से लूट की घटना को अन्जाम देने वाले अभियुक्त आशीष यादव पुत्र नन्दकिशोर यादव निवासी बेचपुरवा थाना पुर्चपुरा जनपद अमेठी हालपता–जलनिगम कठौता झील थाना चिनहट, राज सोनकर पुत्र राजा सोनकर निवासी निशातगंज लाइन सब्जी मण्डी थाना महानगर, अनुभव शुक्ला उर्फ केंचू पुत्र किशोर कुमार शुक्ला निवासी कटरा बेग गली थाना वजीरगंज को बुद्धा पार्क के सामने से गिरफ्तार किया गया है। इनके द्वारा लूट की घटना को कबूल किया गया है। इनके द्वारा व्यापारी से स्कूटी, एक मोबाइल और एक हजार रुपये लूटा गया था। इस तरह खुला लूट का राज: राहुल राज ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं। घटना होने के उपरान्त जब वादी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरा चेक किया जा रहा था तो देखा गया कि एक व्यक्ति व्यापारी की स्कूटी का फोटो खींच रहा था। जब उसके बारे में व्यापारी के परिजनों से पूछा गया तो तो बताया कि यह मेरी दुकान पर काम करने वाला नौकर शोभित है। जब शोभित से पूछताछ की गयी तो उसने बताया की दुकान का दूसरा नौकर सैफ ने गाड़ी नम्बर पूछा था जब सैफ को बुलाकर पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि मेरे मोहल्ला का एक लड़का जिसका नाम अनुभव शुक्ला उर्फ केचू है वह नम्बर पूछ रहा था। इसी आधार पर अनुभव शुक्ला का नाम प्रकाश में लाया गया व इलेक्ट्रानिक सर्विलांस व लोकेशन से भी अनुभव शुक्ला की घटना के षडन्यत्र करने की पुष्टि हुई व अन्य तमामी तलाश व गोपनीय सूचना के आधार पर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। व्यापारी को गाड़ी से धक्का देने के बाद वारदात को दिया अंजाम: गिरफ्तार लुटरों से पूछताछ के क्रम में जानकारी हुई कि उनके द्वारा अपने एक फरार साथी शिवम उर्फ शुभम गुप्ता पुत्र मनोज कुमार गुप्ता निवासी वृन्दावन विहार कालोनी कल्यानपुर थाना गुड़म्बा के साथ मिलकर आपराधिक षडयन्त्र के तहत ऐशोआराम (यथा शराब व गांजा पीने) के लिए यहियागंज के व्यापारी को लूटने के इरादे से रेकी कर अनुभव शुक्ला द्वारा शिवम उर्फ शुभम गुप्ता को दी गयी। सूचना के आधार पर 28 अप्रैल को व्यापारी के दुकान से निकलने पर मोटर साइकिल से पीछा कर अभियुक्तगण राज सोनकर व आशीष यादव द्वारा रीवर बैंक कालोनी राम मन्दिर के सामने व्यापारी को रेककर व्यापारी को उसकी गाड़ी से धक्का देकर नीचे गिराकर लूट की घटना कारित की गयी थी।

# जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन रोकने के लिये चला अभियान

## अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग करने वाले 57 वाहनों का चालान किया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) के नेतृत्व में 28 व 29 अप्रैल, 2023 को अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमे कुल 57 वाहनों को ओवरलोड होने के कारण एम0चेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 02 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया तथा वाहन स्वामियोंध्चालकों के द्वारा नोटिस की धनराशि को ऑनलाइन मौके पर जमा किया गया।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

# लकी ड्रा के आकर्षक योजनाओं से प्रसन्न दिखे ग्राहक

लखनऊ। अक्षय तृतीया और ईद के अवसर पर गत 2 अप्रैल से 28 अप्रैल की सेल के दौरान अपने हजरतगंज और इंदिरानगर स्थित स्टोर्स के ग्राहकां को मिले लकी कूपन का रविवार को मेगा ड्रा आयोजित किया। जुगल किशोर ज्वैलर्स बॉय राजन रस्तोगी के कमल किशोर रस्तोगी ने इसका आयोजन किया। लकी ड्रा में मारुति इग्निस कार के विजेता के रूप महिंद्र सिंह के नाम की घोषणा की गई। वही लकी ड्रा में होंडा एक्टिवा के विजेता शशि सिंह बनीं और आईफोन के विजेता के रूप में मोहम्मद हैदर के नाम की घोषणा हुई। श्री रस्तोगी ने बताया कि अक्षय तृतीया और ईद के अवसर पर हम अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए आकर्षक योजना लेकर आए थे। इसके तहत 35000 रुपए या उससे अधिक के आभूषण खरीदने पर हमारे ग्राहकों को एक लकी कूपन दिया गया था। इसके माध्यम से प्रतिदिन 5 लकी ग्राहक हजारों के आकर्षक पुरुस्कार दिये गये। इसके अतिरिक किसी भी खरीद पर सभी ग्राहकों को एक विशेष स्क्रैच कार्ड मिला जिससे उन्हें उनकी खरीद पर एक निश्चित डिस्काउंट भी दिया गया था। साथ ही लकी कूपन के माध्यम से मेगा ड्रा का भी हिस्सा बन लकी ग्राहकों को कार, स्कूटी व आईफोन जीतने का अवसर मिला जिसका मेगा ड्रा आज सम्पन्न हुआ और जिनके विजेताओं के नाम की घोषणा आज हुई।

# नाका गुरूद्वारा में पीएम मोदी के मन की बात को लोगों ने सुना,की सराहना

लखनऊ। राजधानी में नाका हिंडोला के स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा में रविवार को पीएम मोदी द्वारा मन की बात के 100 वें एपिसोड से लोग सामूहिक रूप जुड़कर ध्यान पूर्वक सुना। जिसमें प्रमुख रूप से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा, प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत,सरदार परमिंदर सिंह सदस्य उप्र अल्पसंख्यक आयोग ,राजवंत सिंह बग्गा, कुलदीप सिंह सलूजा ,अमनप्रीत सिंह, जसमीत सिंह दशमेश सेवा सोसायटी मौके पर उपस्थित रहे। मन की बात सुनने के लिए संगत में भारी उत्साह देखने को मिला। वहीं गुरुद्वारा साहेब के प्रांगण में बड़ी एलईडी टीवी में आवाज को बढाने के लिए स्पीकर लगाकर लोगों ने सीधा प्रसारण देखा और सुना। मन की बात सुनने के उपरांत लोगों ने प्रधानमंत्री द्वारा सेल्फी विद डॉटर्स का विशेष अभिनंदन किया और प्रधानमंत्री द्वारा प्राकृतिक उत्पादों को बढ़ावा देने वाले संदेश को सभी ने सराहना की।

# समझो मत का मोल,4मई को ना हो कोई झोल

## पहले मतदान फिर जलपान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लखनऊ ।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों




ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में अमीनाबाद परी क्षेत्र में नजीराबाद बाजार में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत हाथों में तख्तियां लेकर मार्च निकालते हुए पहले मतदान फिर जलपान की सभी से अपील की उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने समझो मत का मोल 4 मई को ना हो कोई झोल का नारा दिया उन्होंने कहा कि नगर निगम की सरकार स्थानीय सरकार है और इसके लिए हर व्यापारी मतदान वाले दिन अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाए और अपने पड़ोसियों और व्यापारियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें व्यापार मंडल इसके लिए विशेष रूप से अपने तमाम व्यापारियों की जिम्मेदारी निश्चित कर रहा है कि हम चुनाव वाले दिन अपने आसपास के लोगों के वोट अवश्य डलवाए उनका इसी प्रकार के जागरूकता के कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित किए जा रहे हैं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश के मीडिया प्रभारी और लखनऊ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेश छाबलानी, उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री आकाश गौतम ने बताया की आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश की महिला महामंत्री एकता अग्रवाल, पांडे गंज के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, लखनऊ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज गौतम, मोहमद सालिम, संगठन के संरक्षक डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी, उपाध्यक्ष साजिद अली, विशाल गौतम, विजय गुप्ता, राजा, मुशीर चौधरी,मो इदरीस, समीर कमाल, रविन्द्र सोनकर, अज्जू, सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सेहत के लिए बहुत लाभकारी है रोजाना एक चम्मच सौंफ का सेवन, मिलेंगे ये फायदे

सौंफ का इस्तेमाल हर भारतीय घर में किया जाता हैं। चाहे खाना बनाना हो या भोजन करने के बाद मुखवास खाना हो दोनों जगह सौंफ को शामिल किया जाता हैं। सौंफ का सेवन मुख्यतया मुंह की दुर्गंध को दूर करने के लिए किया जाता हैं। लेकिन इसी के साथ ही औषधि के तौर पर भी सौंफ का सेवन किया जाता हैं। सौंफ जरूरी विटामिन, पोषक तत्वों और खनिजों जैसे विटामिन सी, विटामिन ए, फाइबर, पोटेशियम, मैंगनीज, जिकं, आयरन और कैल्शियम का भंडार है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी–इंफ्लेमेटरी और जीवाणुरोधी गुण होते हैं जो सेहत की कई समस्याओं को दूर करते हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि रोजाना एक चम्मच सौंफ का सेवन करने से आपकी सेहत को क्या फायदे मिलेंगे। आइये जानें इसके बारे में... पेट की समस्याओं में मिलेगा आरामः सौंफ के बीज को कब्ज, पेट के सूजन और अपच को ठीक करने के लिए वर्षों से प्रयोग में लाया जाता रहा है। गर्मियों में सौंफ की ठंडाई पेट को ठंडक देने के साथ पेट फूलने और अपच की समस्या में काफी लाभदायक मानी जाती है। अध्ययनों से पता चलता है कि सौंफ में एनेथोल, फेनचोन और एस्ट्रैगोल जैसे आवश्यक तत्व होते हैं जो एंटी–इंफ्लामेटरी और एंटीस्पास्मोडिक गुणों के लिए जाने जाते हैं। पाचन तंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए भोजन के बाद एक चुटकी सौंफ का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है।



कंट्रोल में रहता है कोलेस्ट्रॉलः सौंफ में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर रिच फूड्स खाने से कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का भी कहना है कि फाइबर युक्त चीजों के सेवन से वेट और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रह सकता है। फाइबर, रक्त में कोलेस्ट्रॉल को घुलने नहीं देता है। इससे हृदय भी स्वस्थ रहता है। वजन कम करने में मददगारः एक हेल्दी डाइट के अलावा आप वजन कम करने के लिए सौंफ के बीज का उपयोग कर सकते हैं। सबसे पहले पाचन प्रक्रिया को सुगम बनाकर, सौंफ के बीज शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाते हैं जो फैट बर्न करने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए सबसे जरूरी है। फाइबर का एक समृद्ध स्रोत होने के कारण सौंफ के बीज तृप्ति प्रदान करते हैं और भूख को कम करते हैं। सौंफ के बीज विषाक्त पदार्थों और अतिरिक्त तरल पदार्थ को बाहर निकालने में आपकी मदद करते हैं।

आंखों के लिए फायदेमंदः आंखों की छोटी–मोटी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में भी सौंफ काफी कारगर साबित हो सकती है। अगर किसी की आंखों में जलन या फिर खुजली हो रही है, तो सौंफ की भाप आंखों पर लेने से राहत मिल सकती है। इसके लिए सौंफ को सूती कपड़े में लपेटकर हल्का गर्म करके आंखों को सेंक सकते हैं। ध्यान रहे कि यह अधिक गर्म न हो। आंखों की रोशनी बढ़ाने में विटामिन–ए और विटामिन–सी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सौंफ में विटामिन–ए पाया जाता है। इस प्रकार सौंफ के सेवन से बढ़ती उम्र में भी आपकी आंखों की रोशनी प्रभावित होने से बच सकती है।

ब्लड प्रेशर को करें नियंत्रितः सौंफ में पोटेशियम भरपूर होता है जो रक्तप्रवाह में फ्लूइड की मात्रा को नियंत्रित करता है। यही आपकी हृदय गति और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। एक अध्ययन के अनुसार सौंफ लार में नाइट्राइट के स्तर को बढ़ाती है। नाइट्राइट एक नेचुरल इंग्रेडिएंट्स है जो ब्लड प्रेशर के लेवल को कंट्रोल में रखता है। सौंफ के सेवन से महिलाओं में हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम हो सकता है।

स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए फायदेमंदः सौंफ में गैलेक्टोजेनिक गुण पाए जाते हैं, जिसका अर्थ है कि यह दूध के स्राव को बढ़ाने में मदद करता है। शोध से पता चलता है कि सौंफ का सेवन रक्त में प्रोलैक्टिन के स्तर को बढ़ाने में सहायक है। यह हार्मोन शरीर को स्तन के दूध का उत्पादन करने का संकेत देता है। यही कारण है कि प्रसव के बाद अक्सर माताओं को सौंफ चबाने को दिया जाता रहा है।

त्वचा में चमक बढ़ाएंः अपने एंटी–माइक्रोबियल गुणों के कारण, सौंफ का उपयोग प्राचीन काल से त्वचा की विभिन्न समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता रहा है। इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण हेल्दी स्किन पर हमला करने वाले मुक्त कणों से लडने में मदद करते हैं। सौंफ में एंटी–एजिंग गुण भी होते हैं जो झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करने में मदद करते हैं।

अस्थमा में लाभदायकः सौंफ में मौजूद फाइटोन्यूट्रिएंट्स की अधिक मात्रा साइनस में को खत्म करने में मदद करती है। सौंफ ब्रोन्कियल में राहत देती है जो अस्थमा और ब्रोंकाइटिस के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। सौंफ में पाए जाने वाले पाइथोन्यूट्रिएंट्स गुण अस्थमा में लाभदायक हो सकते हैं।

कफ से निजातः सर्दी में कफ की समस्या आम हो जाती है और आमतौर पर छोटे बच्चों को इससे कुछ ज्यादा ही परेशानी होती है। ऐसे में किचन में रखी सौंफ इस समस्या से आसानी से छुटकारा दिला सकती है। सौंफ में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो कफ जैसी छोटी–मोटी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।

कैंसर को रखे दूरः सौंफ कैंसर में भी उपयोगी है। कहा जाता है कि सौंफ में कैंसर रोधी गुण होते हैं। सौंफ में शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो फ्री रेडिकल्स को बेअसर करते हैं और ऑक्सीडेटिव तनाव को रोकते हैं। यही कारण हो सकता है कि सौंफ कैंसर को फैलने से रोक सकती है।

## शॉर्ट पिंक ड्रेस में बार्बी डॉल सी दिखीं अनन्या पांडे, खूबसूरत अदाओं पर फैंस हुए फिदा

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक्स से फैंस को अपना दीवाना बना देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो



वो सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट किलर लुक्स की तस्वीरें इंटरनेट पर सांझा की हैं जिनमें उनकी खूबसूरती थमने का नाम नहीं ले रही है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में अपनी अलग जगह बनाई है। वो आए दिन अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस की हर एक अदाओं पर फैंस अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। अभिनेत्री ने अपने इस लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पिंक कलर की शॉर्ट रिवीलिंग ड्रेस पहनी हुई है। अनन्या पांडे का बार्बी डॉल लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। हालांकि फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। हर बार उनकी तस्वीरें देखकर फैंस का दिल तेजी से धड़कनें लगता है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे की इन तस्वीरों पर लोग लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने एक्ट्रेस की तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है– सो ब्यूटीफुल तो वहीं दूसरे ने लिखा है– श्चांद का टुकड़ा।च ऐसे ही एक के बाद एक कर के लोगों के रिएक्शंस आ रहे हैं।




## सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की नई रिलीज डेट जारी




हिंदी सिनेमा के दमदार कलाकारों की बात की जाए तो उसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा का नाम जरूर शामिल होगा. आने वाले समय में सिद्धार्थ फिल्म योद्धा में नजर आएंगे. बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर करण जौहर के प्रोडेक्शन हाउस धर्मा प्रोडेक्शन तले फिल्म योद्धा बनी है. इस बीच अब सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है. योद्धा की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया है.

सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर योद्धा की नई रिलीज डेट को लेकर मशहूर फिल्म क्रिटिक्स तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है. तरण के मुताबिक सिद्धार्थ की योद्धा अब इसी साल 15 सितंबर 2023 को रिलीज होगी. इस फिल्म में बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा, बी टाउन एक्ट्रेस दिशा पाटनी और राशि खन्ना लीड रोल में मौजूद हैं. धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बनी योद्धा का डायरेक्शन मशहूर निर्देशक सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है. मालूम हो कि सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा इससे पहले 7 जुलाई को रिलीज होने वाली थी. हालांकि अभी तक ये वजह सामने नहीं आई है कि आखिर किस कारण मेकर्स ने योद्धा की रिलीज डेट को बदला है. 15 सितंबर 2023 सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा का धमाल दर्शकों को सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा. योद्धा की रिलीज के बाद फैंस को बैक टू बैक फिल्में बड़े पर्दे पर देखने को मिलेंगी. योद्धा के बाद साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म सालार 28 सिंतबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इसके बाद 6 अक्टूबर 2023 को बॉलीवुड सुपरस्टार वरुण धवन की बहुचर्चित फिल्म बवाल रिलीज की जाएगी. ऐसे में ये साफ कहा जा सकता है कि सिद्धार्थ की योद्धा के साथ ही आने वाले हफ्तों में फैंस को एंटरटेनमेंट का फुल ऑन डोज मिलेगा.

## प्रोस्थेटिक मेकअप लगाने और हटाने में मुझे तीन घंटे लगते थेः गर्विता साधवानी



मैं हूं अपराजिता की अभिनेत्री गर्विता साधवानी ने साझा किया कि कैसे उन्हें शो में रोजाना प्रोस्थेटिक मेकअप लगाने और हटाने में तीन घंटे लगते थे।

गर्विता, जो मोहिनी (श्वेता गुलाटी) की बेटी, निया की भूमिका निभा रही हैं, उन्होंने साझा किया, एक अभिनेत्री के तौर पर मैं आर्ट के साथ इक्स्पेरिमेंट करने की इच्छा रखती हूं। और फायर सीक्वेंस की शूटिंग के बाद मैं काफी खुश हूं।

मैं एक वेशभूषा, मेक–अप, प्रोस्थेटिक्स और अपने लुक को बदलने की बड़ी फैन हूं क्योंकि मुझे अलग–अलग चीजों के साथ इक्स्पेरिमेंट करने और खेलने का मौका मिलता है। जले हुए निशान थे जो मुझे पूरे □श्यों में लगाने पड़े और जबकि यह निश्चित रूप से इसे बनाए रखने का एक काम था, मेरा मानना है कि अंत में प्रयास वास्तव में इसके लायक था।

आने वाले एपिसोड्स में वह आग में फंसी और बुरी तरह जली हुई दिखाई जा रही हैं और इसके लिए उन्हें प्रोस्थेटिक मेकअप की जरूरत पड़ी। उन्होंने साझा किया कि पूरा मेकअप करना और फिर उसे हटाना कितना चुनौतीपूर्ण था।

उन्होंने कहा, यह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण भूमिका थी और मैं आभारी हूं कि इस तरह के एक दिलचस्प किरदार डेवलप हुआ। मुझे हर रोज प्रोस्थेटिक मेकअप लगाने और हटाने में तीन घंटे लगते थे, जो बहुत समय लेने वाला काम था। और मुझे कहना होगा, सारा श्रेय मेकअप कलाकारों को जाता है जिन्होंने इसे बनाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, मैं हूं अपराजिता जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## ड्राई नोज क्या है? जानिए इस समस्या से राहत पाने के 5 घरेलू नुस्खे



कई बार मौसम में बदलाव, डिहाइड्रेशन, धूल–गंदगी और प्रदूषण के कारण नाक सूख जाती है, जिसे ड्राई नोज कहा जाता है। इसमें नाक के अंदर का मार्ग सूख जाता है। इसके कारण नाक में खुजली, जलन और सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में नाक की सही तरीके से देखभाल करना जरूरी है। आइए आज ड्राई नोज से राहत पाने के कुछ प्राकृतिक और घरेलू उपचार जानते हैं।

नारियल का तेलः नारियल का तेल एंटी–माइक्रोबियल और एंटी–फंगल गुणों से भरपूर होता है। यह ड्राई नोज से राहत दिलाने में मदद करता है। यह नाक के अंदर सूखेपन को कम करते हुए हाइड्रेटेड रखता है और साइनस को साफ करता है। लाभ के लिए सबसे पहले नारियल के तेल को गर्म करें और फिर उसमें कॉटन स्वाब डुबोकर नाक के अंदर लगाएं। ऐसा दिन में 2 बार करें। बढिया नारियल का तेल खरीदना चाहते हैं तो इन बातों का ध्यान रखें।

बादाम का तेल और एलोवेराः बादाम के तेल और एलोवेरा का मिश्रण ड्राई नोज के कारण होने वाले दर्द और परेशानी को कम करता है। इससे आपको सोते समय सामान्य रूप से सांस लेने में भी मदद मिलती है। एलोवेरा नाक में होने वाली जलन के कारण सूखे म्यूकोसा को आराम देता है और फिर से हाइड्रेट करता है। लाभ के लिए बादाम के तेल को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं और फिर कॉटन स्वाब का इस्तेमाल करके इसे नाक के अंदर लगाएं।

समुद्री नमक और पानीः ड्राई नोज की समस्या से राहत पाने के लिए खारा पानी एक प्रभावी घरेलू उपाय है। यह एक प्राकृतिक ह्यूमिडिफायर के रूप में काम करता है और नाक के अंदर की परत को पोषित और हाइड्रेटेड रखता है। यह नाक के मार्ग में मौजूद बलगम और जलन को दूर करने में मदद करता है। लाभ के लिए समुद्री नमक (सी सॉल्ट) को पानी में मिलाकर एक स्प्रे बोतल में डालकर अच्छी तरह मिलाएं और फिर नाक के अंदर स्प्रे करें।

विटामिन इ का तेलः विटामिन इ कैप्सूल में एंटी–ऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो नाक के सूखे म्यूकोसा को हाइड्रेट करके ड्राई नोज से राहत दिलाने में मदद करता है। यह नाक की सूजन को भी कम करता है और जुकाम से बचाता है। लाभ के लिए विटामिन इ कैप्सूल में छेद करें और फिर उसकी 2–3 बूंदें नाक के अंदर डालें। प्रभावित हिस्से को मॉइस्चराइज करने और बेहतर परिणाम के लिए आप इसका इस्तेमाल दिन में 2 बार कर सकते हैं।

गर्म पानी की भापः ड्राई नोज की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भाप लेना सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। यह नाक के मार्ग में सूखे बलगम को नरम करने में मदद करता है और प्रभावित हिस्से को ठीक करता है। लाभ के लिए एक कटोरे में उबलता हुआ गर्म पानी डालें और फिर अपने सिर को तौलिये से ढककर लगभग 10 मिनट के लिए कटोरे से भाप लें। इसके बाद अपनी नाक साफ करके आराम करें।